ज्येष्ठ शुक्ल - 3 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 310 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » रविवार » 09-06-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 फर्जी विमर्श ने चुनाव में चौथे विपक्षी दल की भूमिका निभाई : फडणवीस

6 मेजर कमल कालिया: अपने खुफिया नेटवर्क से हिला दी थीं उल्फा की जड़ें

7 अपने 20 साल के अभिनय कैरियर को लेकर खुश हूं : मोना सिंह



## फर्स्ट टेक

### शपथ लेने से पहले युद्ध स्मारक, राजघाट और सदैव अटल जायेंगे मोदी

**नई दिल्ली/वार्ता।** नरेंद्र मोदी रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने से पहले राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की समाधि सदैव अटल तथा महात्मा गांधी की समाधि राजघाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। सूत्रों के अनुसार मोदी सुबह साढ़े सात बजे इंडिया गेट स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाएंगे और शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। इस मौके पर तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी भी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री वाजपेई की समाधि सदैव अटल जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। वह राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मोदी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के संसदीय दल का नेता चुना गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उन्हें रविवार शाम को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाएंगी। मोदी के साथ उनके मंत्री परिषद के कुछ सदस्य भी शपथ लेंगे।

### साढ़े तीन लाख रुपए के आभूषणों की चोरी के मामले में लड़की गिरफ्तार

**मंगलुरु/भाषा।** कर्नाटक के मंगलुरु में कुलशेखरा में 'गणेश आभूषण' नामक दूकान से 25 मई को चोरी गये लगभग साढ़े तीन लाख रुपये के 59 ग्राम सोने के आभूषणों को शनिवार को पुलिस ने बरामद कर लिया और आभूषण चोरी करने की आरोपी लड़की को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने यहां बताया कि 25 मई को 'गणेश आभूषण' से लगभग साढ़े तीन लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषणों की चोरी हो गयी थी। जिसकी शिकायत योगीश ने दर्ज करायी थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस सिलसिले में भारतीय दंड संहिता की धारा 380 के तहत मामला दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने बड़े पैमाने पर छापेमारी कर आखिरकार आज चोरी करने वाली लड़की को चुराये गये 59 ग्राम वजन के आभूषणों के साथ धर दबोचा। पुलिस आयुक्त ने बताया कि आरोपी लड़की को जेल भेज दिया गया है।

### कांगो में एडीएफ विद्रोहियों ने की 50 नागरिकों की हत्या

**किंशासा/वार्ता।** पूर्वी डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में हाल ही में एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एडीएफ) विद्रोहियों के कारण हुए घातक हमलों में कम से कम 50 नागरिकों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से शनिवार को दी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, एडीएफ ने उत्तरी किवु प्रांत के बेनी क्षेत्र में पूरी रात दो हमले किए, जिसमें मंगलवार और शुक्रवार को कम से कम 50 नागरिक मारे गए। विद्रोहियों द्वारा कई नागरिकों का कथित तौर पर अपहरण भी किया गया। मध्य अफ्रीका में इस्लामिक स्टेट से संबद्ध एडीएफ, उत्तरी किवु और इतुरी प्रांतों में अपनी हिंसक गतिविधियों के लिए कुख्यात रहा है, जो मई 2021 से घेराबंदी की स्थिति में हैं और नागरिक प्रशासन की जगह सैन्य और पुलिस अधिकारियों ने ले ली है। इस्लामिक स्टेट मध्य अफ्रीका प्रांत ने अपने प्रचार चैनलों के माध्यम से 60 से ज्यादा ईसाइयों की मौत की जिम्मेदारी ली है।

# आज तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे नरेन्द्र मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



▪ नरेन्द्र मोदी प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे नेता होंगे।

**नई दिल्ली/भाषा।** नरेन्द्र मोदी रविवार को गठबंधन सरकार के प्रमुख के रूप में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के दो पूर्ण कार्यकालों के बाद इस बार चुनावों में अपने दम पर पूर्ण बहुमत नहीं मिला है।

मोदी (73) प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे नेता होंगे। नेहरू ने 1952, 1957 और 1962 के आम चुनावों में जीत हासिल की थी।

भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के नेताओं के अलावा गणमान्य व्यक्तियों और विशेष आमंत्रितों के भी राष्ट्रपति भवन में शाम सवा सात बजे प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की उम्मीद है।

श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जु, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने समारोह के लिए निमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

विदेश मंत्रालय ने कहा, नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए नेताओं की यात्रा भारत द्वारा अपनी 'पड़ोसी पहले' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप है।

# सोनिया गांधी फिर बनी कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को शनिवार को एक बार फिर से पार्टी संसदीय दल (सीपीपी) का प्रमुख चुना गया। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर करारा प्रहार किया और कहा कि लोकसभा चुनाव में मोदी की ''राजनीतिक और नैतिक हार'' हुई है तथा उन्होंने नेतृत्व करने का अधिकार खो दिया है।

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में हुई कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोनिया गांधी को सीपीपी प्रमुख नियुक्त करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसका पार्टी के तीन सांसदों गौरव गोगोई, तारिक अनवर और के. सुधाकरन ने अनुमोदन किया।

फिर से सीपीपी प्रमुख चुने जाने पर सोनिया ने पार्टी नेताओं का आभार जताया और कहा कि कांग्रेस ने इस चुनाव में अपनी दृढ़ता का परिचय दिया है। उन्होंने यह दावा भी किया कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी की राजनीतिक और नैतिक हार हुई है तथा ऐसे में उन्होंने न सिर्फ जनादेश बल्कि नेतृत्व करने का अधिकार भी खो दिया है।

सोनिया ने कहा, ''देश की जनता ने विभाजन की राजनीति और तानाशाही को खारिज करने के लिए निर्णायक वोट दिया है। उन्होंने संसदीय राजनीति को मजबूत करने और संविधान की रक्षा के लिए मतदान किया।

## इजराइल ने हमास के चंगुल से चार बंधकों को छुड़ाया

**यरूशलम/एपी।** इजराइल ने शनिवार को कहा कि उसने हमास के चंगुल से चार बंधकों को छुड़ा लिया है जिनका फलस्तीनी चरमपंथी संगठन ने सात अक्टूबर को किए गए हमले के दौरान अपहरण कर लिया था। सेना ने कहा कि उसने नुसीरात में एक जटिल अभियान में नोआ अर्गामानी (25), अल्मोग मीर (21), एंड्री कोज़लोव (27) और श्लोमी जिव (40) को बचा लिया। इसने कहा कि बंधकों को नुसीरात के मध्य में स्थित दो अलग-अलग स्थानों से बचाया गया। इजराइल का कहना है कि 130 से अधिक बंधक अभी भी बचे हैं जिनमें से लगभग एक चौथाई को मृत माना जा रहा है। बंधकों की वापसी के मुद्दे पर इजराइल में लोगों में रोष गहराता जा रहा है। युद्ध शुरू होने के बाद से अभियान के दौरान बचाए गए कुल बंधकों की संख्या सात हो गई है।

## नीट में कृपांक पाने वाले 1,500 से अधिक अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा के लिए समिति गठित : एनटीए

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में अंक बढ़ाए जाने के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने कृपांक पाने वाले 1,500 से अधिक अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय एक समिति गठित की है। एनटीए ने किसी भी अनियमितता का खंडन करते हुए कहा है कि एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों में बदलाव तथा परीक्षा केंद्र में समय जाया होने के लिए दिए गए कृपांक विद्यार्थियों के अधिक अंक आने की वजह हैं।





इस मुद्दे ने राजनीतिक रंग भी ले लिया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने कथित अनियमितताओं की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में एसआईटी जांच की मांग की है। वहीं कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पर्चा लीक, धांधली और भ्रष्टाचार कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गए हैं। पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर युवाओं को धोखा देने और उनके भविष्य से खेलने का भी आरोप लगाया है। कई वर्गों से पुनः परीक्षा कराने की मांग की जा रही है और आरोप लगाया गया है कि छह परीक्षा केंद्रों पर वक्त जाया होने की भरपाई के लिए दिए गए कृपांक के कारण अंक बढ़ गए हैं।

## मीडिया शख्सियत एवं रामोजी समूह के अध्यक्ष रामोजी राव का निधन

**हैदराबाद/भाषा।** मीडिया जगत की जानी मानी हस्ती एवं खबरों और मनोरंजन की दुनिया में व्यापक बदलाव लाने वाले रामोजी समूह के अध्यक्ष रामोजी राव का शनिवार सुबह यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। समाचारपत्र 'ईनाडु' से जुड़े सूत्रों ने बताया कि राव को सांस लेने में परेशानी के कारण पांच जून को यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां आज सुबह चार बजकर 50 मिनट पर उनका निधन हो गया।



राव के पार्थिव शरीर को शहर के बाहरी इलाके में स्थित रामोजी फिल्म सिटी में उनके आवास पर लाया गया। रामोजी राव ने समाचारपत्र ईनाडु और ईटीवी चैनल समूह की शुरुआत करके अविभाजित आंध्र प्रदेश में मीडिया जगत में क्रांतिकारी बदलाव किया।

**बरसात**



धारवाड़ में शनिवार को बारिश के दौरान उस सड़क से गुजरते लोग।

## श्रीलंका ने ऋण पुनर्गठन के मोर्चे पर मजबूत प्रगति की: आईएमएफ

**कोलंबो/भाषा।** श्रीलंका के वृहद आर्थिक सुधारों के नतीजे सामने आने लगे हैं और देश को जल्द ही बाहरी वाणिज्यिक ऋणदाताओं के साथ समझौते पर पहुंचने की उम्मीद है। आईएमएफ ने नकदी की कमी से जूझ रहे देश के लिए अपने 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर के राहत कार्यक्रम की दूसरी समीक्षा से पहले यह बात कही। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के संचार विभाग की निदेशक जूली कोजैक ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में जोर देकर कहा कि श्रीलंका ने ऋण पुनर्गठन के मोर्चे पर मजबूत प्रगति की है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका का प्रदर्शन मजबूत है, दूसरी समीक्षा के लिए अधिकांश मात्रात्मक और संरचनात्मक शर्तें पूरी हुईं या देरी से लागू हुईं हैं।

### मस्क ने मोदी को चुनाव में जीत की बधाई देते हुए कहा,

## भारत में 'रोमांचक काम' करने को उत्साहित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**न्यूयॉर्क/भाषा।** अरबपति एलन मस्क ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई देते हुए कहा है कि वे अपनी कंपनियों द्वारा भारत में रोमांचक कार्य किए जाने को लेकर उत्साहित हैं। मोदी नौ जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। यह उनका प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरा कार्यकाल होगा।

मस्क ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों में जीत पर नरेन्द्र मोदी को बधाई! भारत में मेरी कंपनियों द्वारा किए जाने वाले रोमांचक काम को लेकर उत्साहित हूं।

प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें जवाब में कहा, एलन मस्क, आपकी शुभकामनाओं की सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली भारतीय युवा, देश की जनसांख्यिकी, पूर्वानुमानित नीतियां और स्थिर लोकतांत्रिक राजनीति इसके सभी भागीदारों के लिए कारोबारी माहौल प्रदान करती रहेगी।

इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला और माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने इससे पहले अप्रैल में टेस्ला संबंधी भारी दायित्वों के कारण भारत की अपनी प्रस्तावित यात्रा स्थगित कर दी थी।

मस्क 21 और 22 अप्रैल को भारत दौरे पर रहने वाले थे। इस दौरान उनका प्रधानमंत्री मोदी से भी मिलने का कार्यक्रम था। हालांकि, बाद में उन्होंने 'एक्स' पर ही सूचित किया था कि वे इसी साल बाद में भारत दौरे पर आने के लिए उत्साहित हैं। पिछले साल जून में मस्क ने मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने कहा था कि वह 2024 में भारत आने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया था कि टेस्ला जल्द ही भारतीय बाजार में प्रवेश करेगी। उनकी प्रस्तावित यात्रा से यह उम्मीदें बढ़ गई थीं कि वह इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला के साथ-साथ अपने दूरसंचार उपक्रम (सैटकॉम) उद्यम स्टारलिंक को देश में स्थापित करने की योजना की घोषणा करेंगे।

# देश के उत्तर पश्चिम इलाके में लू का ताजा दौर के आसार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को कहा कि सोमवार से उत्तर पश्चिम भारत में लू का एक नया दौर शुरू होने के आसार हैं।

आईएमडी के अनुसार 8-12 जून तक पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार, गंगीय पश्चिम बंगाल के अलग-अलग हिस्सों में लू चलने की संभावना है। जबकि 9-12 जून के दौरान ओडिशा, पंजाब, हरियाणा, 10-12 जून के दौरान जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद व हिमाचल प्रदेश में लू की स्थिति आईएमडी ने कहा, अगले 5 दिनों के दौरान पूर्व और पूर्व-मध्य भारत, उत्तर प्रदेश और उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में लू की लहर जारी रहने का अनुमान है।

दक्षिण-पश्चिम मानसून के बारे में आईएमडी ने कहा कि यह आज मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों, दक्षिण महाराष्ट्र, तेलंगाना और दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों, दक्षिण ओडिशा और तटीय आंध्र प्रदेश के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ गया है।

आईएमडी ने कहा कि अगले दो-तीन दिनों के दौरान मध्य अरब सागर के शेष हिस्सों, महाराष्ट्र के कुछ और हिस्सों (मुंबई सहित) और तेलंगाना में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल हैं।

## अस्थमा की 'चमत्कारी गोली' लेने हजारों लोग उमड़े

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोप्पल। कर्नाटक में कोप्पल जिले के एक गांव में शनिवार की सुबह सांस संबंधी समस्याओं, खासकर अस्थमा के इलाज के लिए जड़ी-बूटी निर्मित दवा लेने के वास्ते देश के विभिन्न हिस्सों से हजारों लोग उमड़ पड़े। इस गांव का नाम कुटागनहल्ली है। यहां पारंपरिक चिकित्सक अशोक राव कुलकर्णी द्वारा तैयार की गई ''चमत्कारी गोली'' लेने के लिए कर्नाटक के कई हिस्सों, पड़ोसी महाराष्ट्र और दक्षिण भारत के सभी राज्यों से लोग पहुंचे।

कुलकर्णी के अनुसार, इस दवा को तब लिया जाता है जब चंद्रमा मृगशिरा नक्षत्र से आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करता है। दवा लेने का वास्तविक 'मुहूर्त' शनिवार सुबह 7.47 बजे का था। कुलकर्णी के परिवार ने दावा किया कि यह दवा हिंदू चंद्र कैलेंडर के 'ज्येष्ठ मास' में जब क्षेत्र में बारिश होती है तब विशेष रूप से फायदा पहुंचाती है और यही वजह है कि शनिवार को दवा लेने के लिए भारी भीड़ थी। यह दवा देते हुए कुलकर्णी के परिवार को लोगों को 100 साल पूरे हो गए हैं। कुलकर्णी ने कुटागनहल्ली में संवाददाताओं से कहा, इससे पहले मेरे पिता व्यास राव कुलकर्णी ने 60 वर्षों तक यह दवा दी थी और उनके बाद मैंने इसे देना शुरू किया।

### जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने राहुल गांधी को लेकर की टिप्पणी

# वोटों के लिए महिलाओं को चूना लगा राजनीतिक नटवरलाल बने राहुल गाँधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



▪ महिलाओं का कहना है कि उन्हें चुनाव के समय कांग्रेस की ओर से गारंटी कार्ड दी गई थी और 5 जून से खाते में 8500 रुपये प्रति महीने आने का वादा किया गया था।

▪ पैसे न आने पर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बेंगलूरु में कई जगहों पर महिलाओं का जमावड़ा कांग्रेस दफ्तरों पर लगा जहां उन्हें इस धोखे के बारे में पता चला।

**नई दिल्ली/वार्ता।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रमुख घटक दल जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कांग्रेस सांसद राहुल गाँधी पर महिलाओं के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए आज कहा है कि लोकसभा चुनाव को राहुल के झूठ और कांग्रेसियों की धोखेबाजी के लिए याद रखा जाएगा।

रंजन ने शनिवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि जिस तरह से कांग्रेस और राहुल ने भोली-भाली महिलाओं को 8500 रुपये प्रति महिना देने का लालच देकर उनके वोट ठगे हैं, यह दिखाता है कि वह अब पूर्ण रूप से राजनीतिक नटवरलाल बन चुके हैं। उन्हें अब न तो सीना ठोक कर झूठे वादे करने में हिचकिचाहट होती है और न ही जनता को धोखा देने में। अपने फायदे के लिए यह लोग कुछ भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ठगी में फंसी महिलाएं रोजाना कांग्रेस दफ्तरों के चक्कर काट रही हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। महिलाओं का कहना है कि उन्हें चुनाव के समय कांग्रेस की ओर से गारंटी कार्ड दी गई थी और 5 जून से खाते में 8500 रुपये प्रति महीने आने का वादा किया गया था। इसी वजह से पैसे न आने पर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बेंगलूरु में कई जगहों पर महिलाओं का जमावड़ा कांग्रेस दफ्तरों पर लगा जहां उन्हें इस धोखे के बारे में पता चला। कांग्रेस द्वारा झूठ बोलकर महिलाओं का वोट लूटने का यह कारनामा यह दर्शाता है कि उनके मन में जनता के लिए कोई मान-सम्मान नहीं बचा है।

सवाल पूछते हुए जदयू प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि आखिर वादा करके महिलाओं को पैसा क्यों नहीं दे रहे। वह बताएं कि इस तरह की शर्मनाक धोखाधड़ी को किसके इशारे पर अंजाम दिया गया। उन्हें बताना चाहिए कि अपने ही देशवासियों से ऐसी चालबाजी करने वालों पर जनता को क्यों विश्वास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वास्तव में घोटाला, भ्रष्टाचार और धोखेबाजी कांग्रेस की नस-नस में बसा है। जनता को झांसा देकर ही इन्होंने इतने वर्षों तक राज किया और अब वादा घोटाला करके यह सत्ता में आना चाह रहे हैं।

### मिशन मंडेला

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### गठबंधन

वैचारिक मतभेद भले हो,
अवसर को सब करते वंदन।
बिन सत्ता के हर दल वाले,
नेता करते प्रतिपल क्रंदन।
ख़ुदग़ज़ीं का चक्रव्यूह रच,
खूब लगाते घिस-घिस चंदन।
कुर्सी के बंधन में फँस कर,
करते हैं सब नव गठबंधन।।

# मुख्यमंत्री स्टालिन ने रामोजी राव के निधन पर शोक जताया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम के स्टालिन ने मीडिया जगत की जानी-मानी हस्ती रामोजी राव के निधन पर शनिवार को शोक व्यक्त किया और पत्रकारिता तथा फिल्म उद्योग में उनके योगदान की सराहना की। स्टालिन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पद्म विभूषण रामोजी राव के निधन से बहुत दुखी हूं। वह रामोजी समूह के संस्थापक थे। मीडिया, पत्रकारिता और फिल्म उद्योग में उनके उल्लेखनीय योगदान ने एक विरासत छोड़ी है। इस कठिन समय में मैं उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

रामोजी राव का शनिवार सुबह हैदराबाद के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। जाने-माने अभिनेता रजनीकांत ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, अपने गुरु और शुभचिंतक रामोजी राव गारू के निधन की खबर सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ है। वह व्यक्ति जिसने पत्रकारिता, सिनेमा के क्षेत्र में इतिहास रचा और राजनीति में एक बड़े किंगमेकर थे। वह मेरे जीवन में मेरे मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत थे। उनकी आत्मा को शांति मिले। अभिनेता एवं मक्कल निधि मय्यम के संस्थापक कमल हासन ने कहा, भारतीय मीडिया और सिनेमा उद्योग के दिग्गज, ईनाडु समूह के अध्यक्ष रामोजी राव गारू के निधन के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ।

## रजनीकांत, चिरंजीवी, अल्लू अर्जुन और राम चरण ने रामोजी राव को श्रद्धांजलि दी

**हैदराबाद।** मीडिया जगत की जानी मानी हस्ती रामोजी राव के निधन पर रजनीकांत, चिरंजीवी, अल्लू अर्जुन, राम चरण और जूनियर एनटीआर समेत सिनेमा जगत की कई हस्तियों ने शनिवार को शोक व्यक्त किया। मीडिया जगत की जानी मानी हस्ती एवं खबरों और मनोरंजन की दुनिया में व्यापक बदलाव लाने वाले रामोजी समूह के अध्यक्ष रामोजी राव का शनिवार सुबह यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे।

रामोजी राव ने समाचार पत्र 'ईनाडु' और ईटीवी चैनल समूह की शुरुआत करके अविभाजित आंध्र प्रदेश में मीडिया जगत में क्रांतिकारी बदलाव किया था। उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। रजनीकांत ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में राव को अपना मार्गदर्शक और शुभचिंतक बताते हुए कहा कि वह उनके निधन से 'बहुत दुखी'' हैं। पत्रकारिता और सिनेमा में इतिहास रचने वाले और राजनीति में महान 'किंगमेकर'। वे मेरे जीवन में मेरे मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत थे। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। चिरंजीवी ने 'एक्स' पर एक भावुक संदेश पोस्ट करते हुए कहा कि रामोजी राव एक पहाड़ की तरह थे जो कभी किसी के सामने नहीं झुके।

अल्लू अर्जुन ने कहा कि रामोजी राव एक अग्रणी और प्रेरणादायक ''दूरदर्शी'' थे और मीडिया दिग्गज के प्रति उनके मन में गहरा सम्मान है। रामोजी फिल्म सिटी (आरएफसी) को 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' द्वारा दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म सिटी के रूप में मान्यता दी गई है। हैदराबाद के बाहरी इलाके में स्थित रामोजी फिल्म सिटी में हजारों फिल्मों की शूटिंग हुई है, जिनमें एसएस राजामौली की दो भाग वाली ब्लॉकबस्टर बाहुबली भी शामिल है। 'आरआरआर' स्टार राम चरण ने 'ईनाडु' के साथ क्षेत्रीय मीडिया के परिदृश्य को बदलने का श्रेय रामोजी राव को दिया। उन्होंने कहा, दुनिया के सबसे बड़े फिल्म स्टूडियो, रामोजी फिल्म सिटी की स्थापना दुनियाभर के फिल्म निर्माताओं के लिए एक ऐतिहासिक स्थल बन गई है। श्री रामोजी राव को उनके जोशीले व्यक्तित्व और तेलुगु लोगों के लिए उल्लेखनीय योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उनके परिवार और उनके प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। 'बाहुबली' और 'आरआरआर' के निर्देशक फिल्म निर्माता एसएस राजामौली ने कहा कि राव को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न' से सम्मानित किया जाना चाहिए। अल्लू अर्जुन ने राजामौली की पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए कहा, मेरे दिल में भी यही भावना थी सर। आपने मेरे दिल की बात कह दी। इसे व्यक्त करने के लिए धन्यवाद।

अभिनेता वेंकटेश दग्गुबाती ने कहा कि रामोजी राव एक सच्चे दूरदर्शी थे। उन्होंने कहा, पत्रकारिता और सिनेमा में उनके योगदान ने कई लोगों को प्रेरित किया है। उनकी कमी हमेशा खलेगी। उनके चाहने वालों के प्रति हार्दिक संवेदना। उनकी आत्मा को शांति मिले। अभिनेत्री काजल अग्रवाल ने कहा कि वह राव के निधन से बेहद दुखी हैं। उन्होंने कहा, इस मुश्किल समय में उनके परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। उनकी विरासत कई लोगों को प्रेरित करती रहेगी। उनकी आत्मा को शांति मिले। ओम शांति।

अभिनेता वरुण तेज ने कहा कि रामोजी राव के निधन से पत्रकारिता और फिल्म उद्योग की दुनिया में एक खालीपन आ गया है। उन्होंने कहा, ''भगवान उनकी आत्मा को शांति दे।''

प्रदर्शनी
दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में मीना बाजार द्वारा हस्त निर्मित वस्तुओं, साजो सामान एवं विभिन्न तरह के उत्पादों की एक प्रर्दशनी लगाई गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अवलोकन किया एंव खरीददारी की।

## केरल में कांग्रेस ने नीट परिणामों में अनियमितताओं की जांच की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस की केरल इकाई ने शनिवार को नीट 2024 के परिणामों में हुयी कथित अनियमितता की व्यापक जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस ने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के नतीजों ने मेडिकल पाठ्यक्रमों के लिए राष्ट्रीय परीक्षा की प्रामाणिकता पर चिंता पैदा कर दी हैं और कई छात्रों ने इसकी प्रक्रिया पर संदेह जताया है।

केंद्र को भेजे एक पत्र में केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने कहा कि नीट परीक्षा परिणाम पर केरल के कई छात्रों ने व्यक्तिगत रूप से चिंता जाहिर की है। केंद्र सरकार के उच्च शिक्षा और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिवों को भेजे अपने पत्र में कांग्रेस नेता ने कहा, हाल ही में प्रकाशित नीट 2024 के संदिग्ध परीक्षा परिणाम की मैं व्यापक जांच कराने की मांग के लिये यह पत्र लिख रहा हूं।

उन्होंने कहा कि यह देखने में बेहद खतरनाक दिख रहा है कि इस परीक्षा में 67 छात्रों को पूरे अंक मिले हैं उनमें से आठ एक ही केंद्र पर परीक्षा देकर आये हैं। इस बीच आम आदमी पार्टी ने नयी दिल्ली में शनिवार को नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में एसआईटी जांच की मांग करते हुए कहा कि यह देश के युवाओं के भविष्य से जुड़ा गंभीर मामला है। आप नेता जैस्मीन शाह ने एक संवाददाता सम्मेलन में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि परीक्षा में बड़े घोटाले की ओर इशारा करने वाले अधिकतर आरोप उन प्रदेशों से आये हैं जहां भाजपा का शासन है।

उन्होंने कहा, हम सभी अनियमितताओं की शीर्ष अदालत की निगरानी में एसआईटी (विशेष जांच दल) जांच की मांग करते हैं ताकि सच्चाई सामने आ सके।



## अन्नाद्रमुक ने अपने प्रदर्शन में सुधार किया : पलानीस्वामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सेलम।** अन्नाद्रमुक के प्रमुख ई. के. पलानीस्वामी ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार के आम चुनाव में अपने प्रदर्शन में सुधार किया है। तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्र में भाजपा के अपने दम पर बहुमत का आंकड़ा पार करने में विफल रहने के लिए पार्टी नेता के. अन्नामलाई पर तंज कसा।

लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा के बाद पार्टी की पहली बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, पलानीस्वामी ने इस दृष्टिकोण को खारिज कर दिया कि अगर अन्नाद्रमुक और भाजपा के बीच गठबंधन होता तो कई सीट जीती जा सकती थीं। अन्नाद्रमुक तमिलनाडु में एक भी संसदीय सीट जीतने में असफल रही। पलानीस्वामी ने कहा कि ''अगर द्रमुक के सहयोगी दल उनकी पार्टी के साथ हाथ मिला लेते तो राज्य में सभी सीट जीत ली जातीं।''

उन्होंने कहा कि चुनाव में सफलता और असफलता चुनावों से पहले परिस्थितियों में बदलाव पर निर्भर करती है और यह समय-समय पर और राज्य से लेकर राष्ट्रीय चुनावों में अलग-अलग होती है। केंद्र में भाजपा के अपने दम पर बहुमत हासिल न कर पाने को लेकर पलानीस्वामी ने कहा कि ऐसा लगता है कि यह झटका तमिलनाडु प्रदेश भाजपा प्रमुख अन्नामलाई जैसे नेताओं की वजह से लगा है और प्रतीत होता है कि पार्टी में अन्नामलाई जैसे अनेक नेता कई राज्यों में हैं। उन्होंने कहा कि अगर योग्य पदाधिकारी होते तो भाजपा बहुमत हासिल कर लेती।

पलानीस्वामी ने कहा कि उन्होंने अकेले ही प्रचार अभियान का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि प्रतिद्वंद्वियों ने अन्नाद्रमुक के खिलाफ ''अपमानजनक और दुष्प्रचार अभियान'' चलाया बावजूद इसके उनकी पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया और 2024 में एक प्रतिशत अधिक' वोट हासिल किया, जो दल के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

## कांग्रेस और भाजपा ने पादरी के खिलाफ टिप्पणी करने पर केरल के मुख्यमंत्री की आलोचना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन द्वारा लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ वाम दल की हार पर उसकी आलोचना करने वाले पादरी को 'अज्ञानी' कहे जाने को लेकर शनिवार को कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उनकी कड़ी निंदा की। कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला ने मुख्यमंत्री को राज्य का सबसे अधिक 'ज्ञानी' व्यक्ति बताते हुए उनका मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि पादरियों को 'घृणित प्राणी' और 'अज्ञानी' कहने की उनकी (विजयन की) आदत है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता वी. मुरलीधरन ने कहा कि विजयन की टिप्पणी से संकेत मिलता है कि वह उन लोगों के प्रति असहिष्णु बने हुए हैं जो उनसे असहमत हैं। मुरलीधरन ने दावा किया कि जब मार्क्सवादी नेता माकपा के राज्य सचिव थे, तब उन्होंने थामारस्सेरी धर्मप्रांत के पूर्व 'बिशप' मार पॉल चिट्टिलापिल्ली





को ''घृणित प्राणी'' कहा था। कांग्रेस नेता चेन्निथला ने कहा कि राजनीतिक क्षेत्र में काम करने वालों की हमेशा आलोचना होती है और इसलिए उन्हें आलोचना का विश्लेषण करना चाहिए तथा शांत व संतुलित तरीके से उससे निपटना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा, अगर कोई पादरी या बिशप किसी बात पर अपना विचार व्यक्त करता है तो क्या उन्हें अज्ञानी कहना उचित है, आप सरकार या मुख्यमंत्री की आलोचना करने वालों को कैसे घृणित प्राणी या अज्ञानी कह सकते हैं। ऐसा करना सही नहीं है।

भाजपा नेता मुरलीधरन ने कहा कि विजयन की टिप्पणी से संकेत मिलता है कि आठ साल तक मुख्यमंत्री रहने के बावजूद उनमें कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने एक बिशप को 'घृणित प्राणी' कहा था।

भाजपा नेता ने कहा, वह उन लोगों के प्रति असहिष्णु हैं जो उनसे असहमत हैं, यही उन्होंने तब भी दिखाया और कल भी। मुरलीधरन ने कहा कि पादरी ने वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के बारे में जो कहा, वही केरल के लोग भी सोच रहे हैं। मलानकारा जैकोबाइट सीरियाक ओर्थोडॉक्स चर्च' के पूर्व मेट्रोपोलटिन ऑफ निरानाम डाइसीज' जीवर्गीज कूरिलोस ने फेसबुक पर अपनी पोस्ट में कहा था, बाढ़ और महामारी हमेशा बचाने के लिए नहीं आती हैं तथा केरल में लोग किट राजनीति' में एक बार से अधिक नहीं फंसेंगे।

अपने वामपंथी विचारों के लिए जाने जाने वाले पादरी ने लोकसभा चुनावों में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) की हार के संबंध में फेसबुक पर यह टिप्पणी की थी। पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री विजयन ने शुक्रवार को कहा था कि पादरी की पोस्ट से पता चलता है कि पादरी के बीच भी कभी-कभी कुछ अज्ञानी लोग होते हैं। शनिवार को जब पत्रकारों ने पादरी से पूछा कि उन्होंने यह पोस्ट क्यों डाली, तो कूरिलोस ने कहा कि उन्हें इस मामले पर कुछ नहीं कहना है क्योंकि उन्हें जो कुछ कहना था, वह उन्होंने अपने फेसबुक पेज पर लिख दिया है और वह अब भी वहां मौजूद है। उन्होंने कहा, वह विषय बंद हो चुका है। इस मुद्दे पर मुझे जो कहना था, वह कह चुका हूं। अब मैं और कुछ नहीं कहूंगा।

जब उनसे मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें अज्ञानी' कहे जाने पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो पादरी ने कहा, मैंने कभी निजी टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनका दिल हमेशा वाम मोर्चे के साथ था और आगे भी ऐसा ही रहेगा। कोरिलोस ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में यह भी कहा था कि लोकसभा चुनावों में एलडीएफ की हार का एक मुख्य कारण लोगों में सत्ता विरोधी भावना थी।

## केरल के मुख्यमत्री की टिप्पणी पर पादरी ने कहा, 'व्यक्तिगत टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया नहीं दूंगा'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** फेसबुक पर सत्तारूढ़ वामपंथियों की लोकसभा चुनावों में हार की आलोचना करने वाले पादरी को केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन द्वारा 'अज्ञानी' करार दिए जाने के एक दिन बाद शनिवार को पादरी ने कहा कि वह कभी भी निजी टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया नहीं देते।

'मलानकारा जैकोबाइट सीरियाक ओर्थोडॉक्स चर्च' के पूर्व मेट्रोपोलटिन ऑफ निरानाम डाइसीज जीवर्गीज कूरिलोस ने फेसबुक पर अपनी पोस्ट में कहा था, बाढ़ और महामारी हमेशा बचाने के लिए नहीं आती हैं तथा केरल में लोग 'किट राजनीति' में एक बार से अधिक नहीं फंसेंगे।

अपने वामपंथी विचारों के लिए जाने जाने वाले पादरी ने लोकसभा चुनावों में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) की हार के संबंध में फेसबुक पर यह टिप्पणी की थी। पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री विजयन ने शुक्रवार को कहा था कि पादरी की पोस्ट से पता चलता है कि पादरी के बीच भी कभी-कभी कुछ अज्ञानी लोग होते हैं। शनिवार को जब पत्रकारों ने पादरी से पूछा कि उन्होंने यह पोस्ट क्यों डाली, तो कूरिलोस ने कहा कि उन्हें इस मामले पर कुछ नहीं कहना है क्योंकि उन्हें जो कुछ कहना था, वह उन्होंने अपने फेसबुक पेज पर लिख दिया है और वह अभी भी वहां मौजूद है।

उन्होंने कहा, वह विषय बंद हो चुका है। इस मुद्दे पर मुझे जो कहना था, वह कह चुका हूं। अब मैं और कुछ नहीं कहूंगा। जब उनसे मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें 'अज्ञानी' कहे जाने पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो पादरी ने कहा, मैंने कभी निजी टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनका दिल हमेशा वाम मोर्चे के साथ था और आगे भी ऐसा ही रहेगा। कोरिलोस ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में यह भी कहा था कि लोकसभा चुनावों में एलडीएफ की हार का एक मुख्य कारण लोगों में सत्ता विरोधी भावना थी।

## मौसम विभाग ने केरल के पांच जिलों मे ऑरेंज अलर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून के लगातार जारी रहने के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को राज्य के पांच जिलों में भारी बारिश की संभावना जताते हुए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया। आईएमडी के अनुसार, पथनमथिट्टा के दक्षिणी जिले और कोझिकोड वायनाड, कन्नूर और कासरगोड के उत्तरी जिलों को दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

मौसम एजेंसी ने राज्य के आठ जिलों के लिए 'येलो अलर्ट' भी जारी किया है, जिसमें तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, अलाप्पुझा, कोट्टायम, इडुक्की, एर्णाकुलम, त्रिशूर और मलप्पुरम में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। रेड अलर्ट 24 घंटों में 20 सेमी से अधिक की भारी से अत्यधिक भारी बारिश का संकेत देता है, जबकि ऑरेंज अलर्ट का मतलब 11 सेमी से 20 सेमी की बहुत भारी बारिश है, और पीले अलर्ट का मतलब 6 सेमी और 11 सेमी के बीच भारी बारिश है।

भारी बारिश खतरे पैदा करती है, इसलिए केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। इस बीच, जिला अधिकारियों ने कहा कि तिरुवनंतपुरम में अरुविक्कारा बांध के गेट शनिवार सुबह 25 सेमी ऊपर उठा दिए गए। उन्होंने कहा कि आने वाले घंटों में गेट और ऊंचे किए जा सकते हैं तथा आसपास रहने वाले लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए।

## केरल सरकार की प्रगति रिपोर्ट 'मजाक': यूडीएफ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** विपक्षी कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने केरल की वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार द्वारा पिछले एक साल में किए गए कार्यों के संबंध में जारी प्रगति रिपोर्ट को शनिवार को 'मजाक' करार दिया और इसे सच से परे बताया। विधानसभा में विपक्ष के नेता वी. डी. सतीशन ने कहा कि रिपोर्ट को देखने वाला कोई भी व्यक्ति इसमें किए गए दावों से हैरान हो जाएगा।

कृषि क्षेत्र का उदाहरण देते हुए सतीशन ने तर्क दिया कि लगातार दूसरी बार सत्ता में आने पर वामपंथी सरकार ने किसानों के राजस्व में 50 प्रतिशत की वृद्धि करने और रबर की कीमत 250 रुपये प्रति किलोग्राम तक बढ़ाने का वादा किया था। उन्होंने कहा, ''हालांकि, उन्होंने रबर की कीमत बढ़ाकर 250 रुपये करने के लिए केंद्र को पत्र लिखा। नारियल और चावल का संग्रह विफल रहा है।



धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य कम कर दिया गया।'' उन्होंने कहा, ''पूरा कृषि क्षेत्र संकट में है और इसके अलावा मानव-पशु संघर्ष की समस्या है जिसे नियंत्रित करने में सरकार असमर्थ है।'' सतीशन ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य सहित अन्य सभी सरकारी विभाग ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। विपक्षी नेता ने दावा किया कि सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त दवाएं उपलब्ध नहीं होने और सरकारी मेडिकल कॉलेजों में गलत ऑपरेशन किए जाने के बारे में नियमित रूप से खबरें आती रहती हैं। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की एक सर्वेक्षण रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि रोजगार क्षेत्र में इस साल जनवरी से मार्च के बीच राज्य में बेरोजगारी 31.8 प्रतिशत थी, जो देश में सबसे अधिक है। सतीशन ने आरोप लगाया, ''बिजली बोर्ड भारी कर्ज में डूबा हुआ है, कल्याण और सामाजिक सुरक्षा पेंशन का महीनों से भुगतान नहीं हुआ है, केरल नागरिक आपूर्ति निगम बर्बाद हो गया है और केरल राज्य सड़क परिवहन निगम पूरी तरह से बर्बादी की कगार पर है।'' उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रगति रिपोर्ट ऐसे समय जारी की गई है जब केरल गंभीर वित्तीय संकट का सामना कर रहा है और खजाना खाली है। उन्होंने कहा, ''इससे बड़ा कोई मजाक नहीं हो सकता।''

## मुरलीधरन की हार पर त्रिशूर कांग्रेस कार्यालय में मारपीट, 20 के खिलाफ मामला दर्ज

**त्रिशूर।** केरल की त्रिशूर लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ऐतिहासिक जीत और कांग्रेस के नेता के. मुरलीधन की हार को लेकर यहां कांग्रेस के स्थानीय कार्यालय में सदस्यों के बीच झड़प हुई। पुलिस ने शनिवार को त्रिशूर जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) के सचिव सजीवन कुरियाचिरा की शिकायत पर जोस वल्लूर और पार्टी के 19 अन्य सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस ने डीसीसी सदस्यों के खिलाफ गैरकानूनी ढंग से एकत्र होने, दंगा करने, गलत तरीके से रोकने और चोट पहुंचाने के लिए भारतीय दंड संहिता की विभिन्न जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

कुरियाचिरा ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि कार्यालय में डीसीसी के अध्यक्ष वल्लूर और उनके समर्थकों ने उनके साथ मारपीट की थी। कुरियाचिरा ने त्रिशूर सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार की हार के लिए पूर्व सांसद टी एन प्रतापन और वल्लूर को जिम्मेदार ठहराया है। मुरलीधरन की हार से पार्टी की जिला इकाई में विवाद पैदा हो गया है और बुधवार को डीसीसी कार्यालय के बाहर पोस्टर चिपकाए गए जिसमें 'अप्रत्याशित' हार के लिए जिला नेतृत्व की आलोचना की गई।

## तमिलनाडु में कांग्रेस को जो वोट मिले हैं वे 'द्रमुक' के हैं : तमिलिसाई सौंदरराजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता तमिलिसाई सुंदरराजन ने शनिवार को कहा कि अगर कांग्रेस ने तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव अपने बल पर लड़ा होता तो किसी भी सीट पर वह अपनी जमानत नहीं बचा पाती। हवाई अड्डे पर पत्रकारों ने तमिलिसाई से तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सेल्वापेरुन्थागई की इस टिप्पणी पर प्रश्न किया कि भाजपा को मिले वोट पीएमके के वोट हैं। इसपर तमिलिसाई ने कहा कि फिर तो यह भी हो सकता है कि सबसे पुरानी पार्टी के पक्ष में डाले गए सभी वोट द्रमुक के वोट हों।

उन्होंने कहा, ''कांग्रेस नेता सेल्वापेरुन्थागई कहते हैं कि भाजपा को मिले वोट पीएमके के वोट थे अगर ऐसा है तो फिर कांग्रेस पार्टी को मिले वोट वास्तव में द्रमुक के वोट थे। उन्होंने कहा कि क्या मुख्यमंत्री एमके स्टालिन इस बात



से इनकार करेंगे।'' दक्षिण चेन्नई लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीतने में असफल रही तमिलिसाई ने कहा कि कांग्रेस अपने दम पर भी चुनाव लड़ सकती थी। उन्होंने कांग्रेस की ओर इशारा करते हुए कहा कि अगर सेल्वापेरुन्थागई ने तमिलनाडु में अपने दम पर चुनाव लड़ा होता, तो पार्टी राज्य के किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में जमानत नहीं बचा पाती।

उन्होंने कहा कि सेल्वापेरुन्थागई को भाजपा की आलोचना करने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि कांग्रेस द्रमुक के भरोसे है और कांग्रेस आज द्रमुक और गठबंधन में शामिल अन्य दलों के समर्थन के कारण ही जीत पाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा में अकेले चुनाव लड़ने का साहस है और कांग्रेस के मुकाबले भाजपा तमिलनाडु में अधिक मजबूत बनी हुई है।



# 'कृषि शिक्षा का उपयोग देश के सुदृढ़ीकरण में करें विद्यार्थी'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। राजस्थान के राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने शनिवार को कहा कि विद्यार्थी कृषि शिक्षा का उपयोग कृषि अर्थव्यवस्था के जरिए देश के सुदृढ़ीकरण मे करें और 'विकसित भारत 2047' के लिए युवाओं को महती भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कृषि में नवाचार अपनाते हुए कार्य किए जाने पर भी जोर दिया।

मिश्र जोधपुर के कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह और वहां संविधान पार्क के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई) के उपयोग से कृषि की वैश्विक चुनौतियों को स्वीकार करते हुए कृषि वैज्ञानिकों से जलवायु अनुरूप कृषि के विकास के लिए भी कार्य करने की आवश्यकता जताई।

उन्होंने संविधान को सर्वोच्च बताते हुए अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहने का आह्वान किया।

राजभवन के प्रवक्ता के अनुसार कार्यक्रम में मिश्र ने कहा, आज देश तेजी से विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। कृषि क्षेत्र की इसमें बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए कृषि शिक्षा के जरिए देश के भावी विकास की योजनाओं के विद्यार्थी सहभागी बनें।

इसके साथ ही, उन्होंने संविधान की मूल प्रति पर उकेरे चित्रों के संदर्भ में युवाओं को भारतीय उदात्त जीवन मूल्यों से जुड़ने पर भी जोर दिया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने पर जोर दिया जिनसे युवा रोजगार तलाशने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनें। उन्होंने कहा, कृषि अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है। हम एक ऐसी रणनीति विकसित करें, जिससे खेती समग्र रूप में देश के लिए लाभकारी हो। साथ ही, कृषि शिक्षा में पारंपरिक कृषि से आधुनिक तकनीक की शिक्षा पर ध्यान देते हुए कार्य किया जाए।

कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर चौधरी ने कहा, यह विश्वविद्यालय बहु-सकाय संस्थान के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल हुआ है। यहां कृषि के अतिरिक्त डेयरी प्रौद्योगिकी, कृषि अभियांत्रिकी तथा खाद्य प्रौद्योगिकी के पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। दीक्षांत समारोह के दौरान मिश्र ने स्नातक की 165, स्नातकोत्तर की 18, पीएचडी की तीन डिग्री और टॉपर को आठ स्वर्ण पदक प्रदान किए।



# कृषि योजनाओं का लाभ सभी किसानों तक पहुंचना सुनिश्चित करें : वैभव गालरिया


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी वैभव गालरिया ने कहा कि कृषि विभाग सरकार का एक महत्वपूर्ण विभाग है इसलिए सभी अधिकारी अपना शत प्रतिशत कार्य ईमानदारी एवं कर्त्तव्य निष्ठा से समय पर पूरा करें, जिससे आमजन को समस्याओं का सामना न करना पड़े। उन्होने कहा कि खेती में आने वाली समस्याओं को दूर कर किसानों को ज्यादा से ज्यादा सरकारी योजनाओं का लाभ देकर आर्थिक रूप से मजबूत बनाएं यही कुशल सुशासन का प्रतीक है।

गालरिया शनिवार को पंत कृषि भवन में आयोजित सीनियर ऑफिसर्स मीटिंग को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने ई-फाइल निस्तारण, जल संरक्षण एवं जल संचयन कार्य, विधानसभा में लंबित प्रश्नों के समय पर जवाब भेजने, की परफॉर्मेंस इंडिकेटर के समुचित पालन के निर्देश दिए। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि मिशन कर्मयोगी के तहत सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्मिकों का नामांकन आवश्यक रूप से करवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कर्मयोगी में कई प्रकार के कोर्स उपलब्ध हैं जिन्हें अधिकारी व कर्मचारी अपनी सुविधा अनुसार बिना भौतिक उपस्थिति के ऑनलाइन पूरा कर सकते है।उन्होंने कहा कि ई-फाईल सिस्टम को सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यालय में अनिवार्य रूप से लागू करते हुए ई-फाईल के डिस्पॉजल टाईम की भी मॉनिटिरिंग करें। सभी कार्य ई-फाईल के माध्यम से ही सम्पादित किये जाये साथ ही ई-फाईल डिस्पोजल समय को कम करने की कोशिश करें।

बैठक में आयुक्त कृषि के एल स्वामी, आयुक्त उद्यानिकी लक्ष्मण सिंह कुड़ी, संयुक्त शासन सचिव कृषि कैलाश नारायण मीणा, निदेशक एवं प्रशासक कृषि विपणन विभाग जय सिंह, प्रबंध निदेशक राजस्थान राज्य बीज निगम श्रीमती निमिषा गुप्ता और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## चर्चा



जयपुर में शनिवार को जनता से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण पर विस्तार से चर्चा करते मंत्री राज्यवर्धनसिंह राठौड़।

# मुश्किल पलों में मददगार बनी टेलीमानस

जयपुर/दक्षिण भारत। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों पर प्रदेश में मानसिक अवसाद से ग्रस्त लोगों का जीवन बचाने की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। एक ओर जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध अस्पतालों में मनोरोगों के लिए बेहतर उपचार सेवाएं सुनिश्चित की जा रही है, वहीं दूसरी ओर ऑनलाइन टोल फ्री टेलीमानस परामर्श सेवा मुश्किल पलों में लोगों के लिए जीवनदाङ्गयिनी साबित हो रही है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा ङ्गसिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों पर विभाग की ओर से टेलीमानस हैल्पलाइन का व्यापक प्रचारप्रसार किया जा रहा है। विशेषकर युवाओं तक इस सेवा की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है, जिसके सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि चिकित्सा विभाग द्वारा रोगियों को दी जा जाने वाली पंजीयन पर्ची पर हैल्पलाइन के संबंध में जानकारी देने के लिए मोहर लगाने जैसे नवाचार किए गए हैं। साथ ही, राजस्थान राज्य पुस्तक मंडल द्वारा मुद्रित की जाने वाली पुस्तकों के अंतिम पृष्ठ पर टेलीमानस टोल फ्री हैल्पलाइन के संबंध में जानकारी दी जा ही है।

# आंधी के कारण दीवार और पेड़ गिरने से चार लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान में कुछ संभागों में बीते 24 घंटों के दौरान तेज आंधी के कारण हुए विभिन्न हादसों में एक बच्ची और दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि राजधानी जयपुर में शुक्रवार दोपहर बाद तेज आंधी के कारण नगर निगम हेरिटेज में लगा 30 फुट ऊंचा पुराना मोबाइल टावर गिर गया, घटना के समय मोबाइल टावर के आसपास कोई मौजूद नहीं था, हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

पुलिस के अनुसार सीकर में शुक्रवार को धोद थाना क्षेत्र में एक मकान की दीवार ढह गई, जिसमें मनोहर कंवर (57) की मौत हो गई जबकि उनका बेटा जयपाल सिंह (29) घायल हो गया। पुलिस ने कहा कि झुंझुनूं के खेतड़ी थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार रात आंधी के कारण एक पेड़ गिरने से उसके नीचे सो रही काजल (11) की मौत हो गई जबकि उसकी मां सावित्री (45) घायल हो गई। वहीं, नीम का थाना जिले में रात तेज आंधी के कारण पेड़ गिरने से एक महिला और उसकी नाबालिग बेटी की मौत हो गई जबकि पति घायल हो गया।

प्रदेश के कुछ स्थानों में बादल छाये होने के बावजूद अधिकांश हिस्सों में बृहस्पतिवार के मुकाबले शुक्रवार को दिन के तापमान में मामूली वृद्धि दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में शुक्रवार को धौलपुर 44.5 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म स्थान रहा। विभाग ने बताया कि चित्तोड़गढ में अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री, अंता बारां में 43.5 डिग्री, कोटा में 43.4 डिग्री, बाडमेंर-डूंगरपुर में 43.1 डिग्री, अलवर में 43 डिग्री और अन्य स्थानों पर 42.8 डिग्री से लेकर 39.8 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। गंगानगर में शुक्रवार को दिन का तापमान सबसे कम 39.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

विभाग के अनुसार बीती रात राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान 24.1 से 32 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। राज्य के अनेक हिस्सों में बृहस्पतिवार शाम भी तेज आंधी आई थी, जिससे अनेक जगह बिजली के खंभों आदि को नुकसान पहुंचा। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार नए पश्चिमी मौसमी तंत्र का प्रभाव 8-9 जून को भी बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, अजमेर भरतपुर, कोटा संभाग के कुछ भागों में मेघ गर्जन, आंधी व हल्की बारिश के रूप में जारी रहेगा। वहीं 10 जून से कोटा, उदयपुर संभाग के कुछ भागों में आंधी बारिश की गतिविधियां दर्ज होने तथा शेष भागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहने की संभावना है।

# रालोपा के सांसद ने 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में नहीं बुलाने पर नाराजगी जताई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। कांग्रेस के साथ गठबंधन के तहत नागौर लोकसभा सीट से जीत हासिल करने वाले राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) के हनुमान बेनीवाल ने दिल्ली में 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में नहीं बुलाए जाने पर नाराजगी जताई है। हालांकि उन्होंने कहा कि वह गठबंधन में बने रहेंगे और केंद्र में सरकार बना रहे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा नहीं बनेंगे। फिलहाल खींवसर से विधायक बेनीवाल ने भाजपा उम्मीदवार ज्योति मिर्धा को 42,225 मतों के अंतर हराया।

राजस्थान में लोकसभा की कुल 25 सीटों में से भाजपा ने 14, कांग्रेस ने आठ और 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगी माकपा, रालोपा और भारत आदिवासी पार्टी बीएपी ने एक-एक सीट जीती। दिल्ली में 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में न बुलाए जाने पर नाराजगी जताते हुए बेनीवाल ने कहा, दो बार बैठक हुई। मतदान के अंतिम चरण वाले दिन एक जून को जो बैठक थी उसमें भी मुझे आमंत्रित नहीं किया और चुनाव के बाद जब पांच जून को बैठक बुलाई गई थी उसमें भी मुझे नहीं बुलाया गया।

उन्होंने कहा, इस पर मैंने प्रतिक्रिया दी कि मुझे क्यों नहीं बुलाया गया? जब केरल के छोटे दल को बुलाया गया, दक्षिण की छोटी पार्टियों को बुलाया गया था, तो हनुमान बेनीवाल को क्यों नहीं बुलाया गया? उन्होंने कहा कि कल शाम को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का फोन आया था और उन्होंने कहा कि हमसे चूक हो गई।

बेनीवाल ने कहा ,कहीं ना कहीं यह बहुत बड़ी चूक है.. देश में एक-एक सांसद महत्वपूर्ण भूमिका है। यह पूछे जाने पर कि अगर कांग्रेस उन्हें नजरअंदाज करती रही तो उनका क्या रुख रहेगा तो बेनीवाल ने कहा, अगली बैठक में नहीं बुलाया गया तो भी वो राजग में नहीं जायेंगे और इंडिया गठबंधन में ही रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मैं दिल्ली की सरकार के खिलाफ लड़ूंगा... मेरा पहला मुद्दा है अग्निवीर योजना को खत्म कर सेना का सम्मान लौटाया जाए.. इसे लेकर मैं आगामी कुछ दिन में बड़ा आंदोलन करूंगा।

# राजस्थान सरकार ने किसान सम्मान निधि की राशि दो हजार रुपए बढ़ाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद सीएम भजनलाल शर्मा एक्टिव मोड़ पर आ गए है। सीएम ने वादे के मुताबिक किसान संबल राशि दो हजार रूपये बढ़ा दी है। पहले किसानों को 6 हजार रुपये मिलते थे, अब बढ़कर 8 हजार रुपये मिलेंगे। बता दें बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में किसान संबल राशि 8 हजार रुपये देने का वादा किया था। इसकी जानकारी खुद सीएमओ से साझा की गई है। सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कर लिखा कि किसानों को संबल देने के लिए राज्य में सम्मान निधि की राशि 2000 रुपए बढ़ाकर 8 हजार रुपए कर दी गई है। राजस्थान के मुख्यमंत्री के कार्यालय से सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा गया कि किसान को संबल! मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जनता से किए वादों को पूरा करने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रहे हैं। ऐसे ही किसानों को संबल देने के लिए राज्य में सम्मान निधि की राशि 2000 रुपए बढ़ाकर 8 हजार रुपए कर दी गई है।

राजस्थान में बजट पेश होने से पहले ही किसानों को लेकर बड़ी घोषणा को फिर से प्रचारित किया गया है। बता दें 30 जनवरी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों के लिए देय वित्तीय सहायता को 6000 से बढ़ाकर 8000 रुपये वार्षिक करने की घोषणा की थी। इसके लिए फरवरी में प्रस्तुत अंतरिम बजट में 1400 करोड़ रुपये का वार्षिक प्रावधान प्रस्तावित किया जा चुका है। हालांकि इस निर्णय को सियासी जानकार आगामी पंचायत और निकाय चुनावों से जोड़कर देख रहे है। उनका मानना है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार के बाद प्रदर्शन सुधारने के लिए भजनलाल सरकार ने यह निर्णय लिया है। 6000 से 8000 हुई किसान संबल राशि भजनलाल सरकार की राहत से पहले किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत हर वर्ष 6000 रुपये दिए जाते थे। लेकिन अब किसानों को हर वर्ष 8000 रुपये की संबल राशि दी जाएगी। जिससे किसान अपने खेतों फसल उगाने के लिए जाने वालों खर्चों से राहत मिल सकेगी।



# राजस्थान विधानसभा के ई- बुलेटिन का लोकार्पण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजस्थान विधानसभा ई-बुलेटिन का शनिवार को विधानसभा में लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा के साप्ताहिक ई बुलेटिन में विधानसभा क्षेत्रों की विकास यात्राओं पर आधारित सफलता की कहानियो का प्रकाशन किया जाएगा। दो पेज के ई बुलेटिन में राजस्थान विधानसभा की गतिविधियो, सदन की कार्य प्रणाली, विभिन्न अनुभागों की जानकारी और ऐतिहासिक पहलुओं की रोचक घटनाएं भी प्रकाशित की जाएगी। समसामयिक विषयों पर विधानसभा के पूर्व सदस्यों के अनुभवो को भी बुलेटिन में प्रकाशित किया जाएगा।

वासुदेव देवनानी ने बुलेटिन के शुभारंभ के मौके पर विधानसभा के अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा, विशिष्ट सहायक केके शर्मा, मार्शल संजय चौधरी और ई-बुलेटिन के संपादक डॉ लोकेश चंद्र शर्मा मौजूद थे। राजस्थान विधानसभा में यह पहली बार प्रयास हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी की पहल पर विधानसभा का ई बुलेटिन का प्रकाशन आरंभ किया गया है। बुलेटिन का प्रथम अंक शुक्रवार 7 जून को जारी कर दिया गया है। प्रथम अंक में विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी के सर्वसम्मति से सभी दलों द्वारा निर्विरोध निर्वाचन के पश्चात उनके द्वारा किए गए नवाचारों की श्रृंखला का प्रकाशन किया गया है ।

# ट्रैक्टर ने दो लोगों को कुचला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। राजस्थान के बूंदी जिले में शुक्रवार को सड़क किनारे एक चबूतरे पर बैठे लोगों को एक ट्रैक्टर ने कुचल दिया, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान लाभाखो गांव के रहने वाले गोपाल राठौर (38) और शंभूलाल बैरागी के रूप में हुई है, जबकि घायलों की पहचान उसी गांव के गोपाल धाकड़ और रामशंकर शर्मा के रूप में हुई। डाबी थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल जोशी ने बताया कि घटना शुक्रवार अपराह्न करीब डेढ़ बजे उस समय हुई, जब मोटरसाइकिल सवार को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और चबूतरे पर बैठे लोगों को कुचल दिया।

उन्होंने बताया कि दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें कोटा के एमबीएस अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।

# हनुमान जी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने पर लोगों में फैला आक्रोश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के नसीराबाद में शनिवार सुबह हनुमान की प्रतिमा क्षतिग्रस्त मिलने पर लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सदर बाजार, हनुमान चौक स्थित मंदिर पर आज हनुमान जी की मूर्ति क्षतिग्रस्त मिलने के समाचार आग की तरह फैल गये । हिन्दूवादी लोगों तथा बजरंग दल के सदस्य एकजुटता से मौके पर पहुंचे और प्रात:कालीन खुले बाजार बंद करा कर विरोध करने लगे। मौके पर पहुंचे तहसीलदार और पुलिस ने आक्रोशित लोगों को शांत किया। बजरंग दल की ओर से पुलिस को दी शिकायत में असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार कर पुनः मूर्ति स्थापित करने की मांग की गयी है। पुलिस ने मंदिर के नजदीक सीसीटीवी कैमरे फुटेज में एक महिला को देखा , जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया, लेकिन लोग संतुष्ट नहीं हैं क्योंकि महिला कुछ पलों के लिये ही दिखाई दे रही है। पुलिस महिला से पूछताछ में जुटी है। फिलहॉल, मामला शान्त है और बाजार भी खोल दिये गये हैं।



# थमता नहीं दिख रहा राजपरिवार का विवाद, विश्वेंद्रसिंह ने लगाया सोना और जवाहरात चुराने का आरोप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भरतपुर। भरतपुर में पूर्व राजपरिवार का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्रसिंह ने पत्नी और बेटे के खिलाफ भरतपुर रॉयल फैमिली रिलीजियस एवं सेरेमोनियल ट्रस्ट भरतपुर के 10 किलो सोने सहित करोड़ों के हीरे-जवाहारात चोरी करने का आरोप लगाते हुए भरतपुर शहर के मथुरा गेट पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया है।

कुछ दिनों पहले पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र की ओर से वरिष्ठ नागरिक होने के चलते भरण-पोषण के लिए पत्नी और बेटे से प्रतिमाह पांच लाख रुपये की मांग को लेकर एसडीएम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जिसकी सुनवाई अभी कोर्ट में है। जानकारी के मुताबिक पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने शहर के मथुरा गेट थाने में पत्नी दिव्या सिंह व पुत्र अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाते हुए एफआईआर में बताया है कि न्यू दिल्ली वॉलेट लिमिटेड, डी 70, डिफेंस कॉलोनी, न्यू दिल्ली के लॉकर संख्या 1402 उनका, पत्नी दिव्या सिंह व पुत्र अनिरुद्ध सिंह तीनो का जॉइंट रूप से लॉकर था। विश्वेंद्र सिंह ने इस लॉकर से पत्नी व बेटे पर भरतपुर रॉयल फैमिली के रिलीजियस एवं सेरेमोनियल ट्रस्ट भरतपुर के 10 किलो सोने समेत करोड़ों के हीरे-जवाहरात चोरी करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने बताया कि परिवार में विवाद के बाद 2020 से 2024 के बीच इन लोगों ने 16 बार लॉकर खोलकर सामान निकालकर इसको बंद कर दिया। बैंक से 4 मई 2024 को मिले पत्र से उन्हें इसके बारे में पता चला। लॉकर को खोलने व बंद करने के लिए परिवादी की सहमति नहीं ली गई, जिसके चलते उन्होंने धोखाधड़ी व सोना और आभूषण चोरी करने और मारपीट करके घर से निकालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने धारा 341, 323, 504, 506, 420, 424, 380, 34 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल घटना को लेकर पुलिस का कोई भी बड़ा अधिकारी कुछ भी बोलने से इंकार कर रहा है। उनका कहना है एफआईआर दर्ज हो चुकी है और जांच जारी है।

# मंत्री जनता की समस्या सुनकर उनका समाधान सुनिश्चित करें : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** लोकसभा चुनाव संपन्न होने के साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट मंत्रियों को 'संवाद, समन्वय और संवेदनशीलता' का मंत्र देकर एक बार फिर से जनता के बीच जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा, ''सरकार जनता के लिए है, हमारे लिए जनहित सर्वोपरि है, ऐसे में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की समस्याओं का समाधान, अपेक्षाओं और आवश्यकताओं पूरा किया जाना चाहिए।''

योगी ने कहा, ''मंत्री क्षेत्र में जाएं, संवेदनशीलता के साथ जनता से संवाद करें और स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा शासन–प्रशासन के साथ समन्वय बनाते हुए समस्याओं का समाधान कराएं।''

एक बयान के मुताबिक शनिवार को मंत्रिमंडल की विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने और सांसद निर्वाचित होने वाले मंत्रियों को बधाई दी।



मुख्यमंत्री ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी जी के 10 वर्षों के कार्यकाल में जिस तरह उत्तर प्रदेश में विकास को रफ्तार मिली है, आने वाले पांच वर्षों में हम अनेक नए कीर्तिमान रचने में सफल होंगे।' उन्होंने कहा कि सभी माननीय मंत्रिगण केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों का व्यापक प्रचार–प्रसार करें, सोशल मीडिया पर सक्रियता बढ़ाएं और डबल इंजन सरकार की नीतियों, निर्णयों तथा उनके सकारात्मक परिणाम से जनता को अवगत कराएं।

मुख्यमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि मंत्रिगण हों या कि अन्य जनप्रतिनिधि, सभी को 'वीआईपी' संस्कृति से परहेज करना होगा।

भावी कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में वृहद पौधारोपण, स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण के कार्यक्रम होने हैं ऐसे में इनकी सफलता के लिए सभी को प्रयास करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''वित्तीय वर्ष 2024–25 की पहली तिमाही समाप्त होने वाली है। सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का यथोचित खर्च किया जाना सुनिश्चित किया जाए। आवंटन और व्यय में तेजी की अपेक्षा है। विभाग स्तर भी पर खर्च की समीक्षा भी जाए। संबंधित मंत्री अपने विभागीय स्थिति की समीक्षा करें।''

## अखिलेश यादव सपा संसदीय दल के नेता होंगे, विधानसभा की सदस्यता छोड़ेंगे



**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पार्टी के संसदीय दल के नेता होंगे, जिसकी औपचारिकता शीघ्र ही दिल्ली में पूरी होगी। इसी के साथ यह भी तय हो गया है कि यादव उत्तर प्रदेश विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देंगे। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने शनिवार को इसकी पुष्टि की।

सपा के मुख्य प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने कहा, ''अखिलेश यादव ही सपा संसदीय दल के नेता होंगे, इसका पहले से ही पता है, लेकिन संसदीय दल का नेता चुनने की औपचारिकता होती है और यह औपचारिकता दिल्ली में पूरी होगी।'' उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण और लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर के चयन के बाद सांसदों का शपथ ग्रहण होगा और उसके बाद संसदीय दल के नेता चुने जाने की औपचारिकता पूरी की जाएगी।'' उन्होंने इस बात की भी पुष्टि की कि यादव मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से अपनी सदस्यता से इस्तीफा देंगे। उप्र के 2022 के विस चुनाव में अखिलेश यादव ने करहल से चुनाव जीता था और विधानसभा में वह नेता प्रतिपक्ष हैं। जाहिर है कि विधानसभा की सदस्यता छोड़ने के बाद वह नेता प्रतिपक्ष का भी पद छोड़ेंगे। हाल में संपन्न लोस चुनाव में अखिलेश कन्नौज संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दल के तौर पर सपा ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए राज्य की 80 सीट में 37 पर जीत दर्ज की है।



## मैं काम करता रहूंगा, फर्जी विमर्श ने चुनाव में चौथे विपक्षी दल की भूमिका निभाई : फडणवीस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई/भाषा। लोकसभा चुनाव में, महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की पेशकश करने के कुछ ही दिन बाद उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि वह काम करते रहेंगे। पार्टी की एक बैठक के बाद फडणवीस ने यह भी कहा कि ''फर्जी विमर्श'' ने एक और विपक्षी पार्टी के रूप में काम किया, जिसका सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन को मुकाबला करना पड़ा।

इस बैठक में राज्य के भाजपा विधायकों ने एक प्रस्ताव पारित कर फडणवीस पर विश्वास जताया और आग्रह किया कि वह पार्टी के नेता बने रहें। फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा कि उपमुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की उनकी पेशकश चुनाव में खराब प्रदर्शन को लेकर भावनाओं से प्रेरित नहीं थी। उन्होंने कहा, ''मैं ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो भाग जाता है। मैं डटकर मुकाबला करता हूं...सभी तरफ से घिर जाने पर हम ताकत के साथ उठ खड़े हो सकते हैं... यही वह बात है जो हम छत्रपति शिवाजी महाराज से सीखते हैं।'' उन्होंने कहा, ''मैं (दिल्ली में) अमित शाह से मिला, जिन्होंने मुझसे (पद पर) बने रहने कहा और मैं यह करूंगा। हमारी एक रणनीति है। मैंने (इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए) पहले से काम करना शुरू कर दिया है।''

फडणवीस ने दावा किया कि यह जो अफवाह फैलायी गयी कि भाजपा संविधान बदलना चाहती है, उसने राज्य में भाजपा, शिवसेना और राकांपा के (महायुति) गठबंधन को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने सत्तारूढ़ महायुति की तुलना में महा विकास आघाडी (एमवीए) के अच्छा प्रदर्शन करने के कारणों की चर्चा करते हुए कहा, 'त्रिदलीय महा विकास आघाडी के अलावा फर्जी विमर्श चौथा (विपक्षी) दल था। हमने चौथे चरण के बाद यह अहसास किया।'' उन्होंने कहा, ''फर्जी विमर्शों का लंबे समय तक चलता है। मोदी ने संविधान की 75वीं वर्षगांठ मनाने का फैसला किया था (फिर भी यह विमर्श फैला)।''महाराष्ट्र में महायुति ने 48 में 17 सीट जीतीं जबकि शिवसेना (यूबीटी), राकांपा (एसपी) और कांग्रेस के एमवीए ने 30 सीट जीतीं। एक बागी कांग्रेस प्रत्याशी एक सीट पर जीते।



## राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने उपराष्ट्रपति से मुलाकात की

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने शनिवार को यहां उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से उनके आवास पर मुलाकात की। यह जानकारी उपराष्ट्रपति के आधिकारिक अकाउंट 'एक्स' पर साझा की गई। पोस्ट में कहा गया है, माननीय संसद सदस्य (राज्यसभा) सुश्री स्वाति मालीवाल जी ने आज उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति श्री जगदीप धनखड़ से उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में मुलाकात की।



## तृणमूल कांग्रेस के विधायक पर रेस्तरां के मालिक के साथ मारपीट का आरोप

**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस के विधायक एवं अभिनेता सोहम चक्रवर्ती ने एक रेस्तरां मालिक के साथ कथित तौर पर मारपीट की, जिसने वहां एक फिल्म की शूटिंग के दौरान पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ ''अपशब्द'' कहे थे। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चक्रवर्ती और रेस्तरां मालिक अनीसुल आलम ने एक–दूसरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। विधायक ने बाद में कहा कि वह आलम से माफी मांगना चाहते हैं क्योंकि उन्हें अपने गुस्से पर काबू रखना चाहिए था।

यह मामला कोलकाता के पास न्यू टाउन में रेस्तरां के सामने चक्रवर्ती और उनके सहयोगियों की कारों को खड़ा करने को लेकर शुरू हुआ। वायरल हुए रेस्तरां के सीसीटीवी फुटेज में चक्रवर्ती को आलम पर हमला करते देखा जा सकता है। रेस्तरां के मालिक ने दावा किया कि उन्होंने रेस्तरां के एक हिस्से में शूटिंग की अनुमति दी थी। आलम ने कहा, ''पार्किंग की पूरी जगह पर चक्रवर्ती और उनके लोगों की कारें खड़ी थीं। मेरे कर्मचारियों ने उनके लोगों से कहा कि वे अपनी कारें हटा लें, क्योंकि अन्य ग्राहक अपनी गाड़ियां खड़ी नहीं कर पा रहे हैं।'' रेस्तरां के मालिक ने कहा कि अभिनेता के सहयोगियों ने उन्हें बताया कि वह एक विधायक हैं और तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के बहुत करीबी दोस्त हैं। आलम ने आरोप लगाया, ''मैंने कहा कि मुझे परवाह नहीं है कि वह नरेन्द्र मोदी के दोस्त हैं या अभिषेक बनर्जी के। तभी अचानक चक्रवर्ती आए और मेरे चेहरे पर मुक्का मारा और मुझे लात मारी।'' चक्रवर्ती ने रेस्तरां के मालिक के साथ मारपीट की बात स्वीकार की। विधायक ने कहा, ''रेस्तरां मालिक मेरे कर्मचारियों और अभिषेक बनर्जी को गाली दे रहा था। उसने मुझे भी गाली दी। मैं अपना आपा खो बैठा और उसे थप्पड़ मार दिया... मुझे अपना आपा नहीं खोना चाहिए था और अपने गुस्से पर काबू रखना चाहिए था। मैं रेस्तरां मालिक से माफी मांगना चाहता हूं।'' वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि रेस्तरां मालिक ने शनिवार को विधायक और उनके सुरक्षा गार्डों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

## भारतीय न्यायपालिका मध्यस्थता निर्णयों में हस्तक्षेप करने में संयम बरतती है : न्यायमूर्ति हिमा कोहली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति हिमा कोहली ने कहा है कि भारतीय न्यायपालिका मध्यस्थता के निर्णयों में हस्तक्षेप करने में अपने विवेक का इस्तेमाल करती है और संयम बरतती है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने न्यायिक हस्तक्षेप को सीमित करके और मध्यस्थता निर्णयों का सम्मान करके विवाद समाधान के लिए एक अनुकूल स्थान के रूप में देश की प्रतिष्ठा को बढ़ाने में मदद की है।

न्यायमूर्ति कोहली ने कहा, ''यह न्यायिक दर्शन विधायी सुधारों का पूरक है और मध्यस्थता के लिए वैश्विक केंद्र बनने की भारत की महत्वाकांक्षा को दर्शाता है।'' वह 'लंदन इंटरनेशनल डिसप्युट्स वीक 2024' के दौरान एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस कार्यक्रम का आयोजन 'किंग एंड स्पैलडिंग एलएलपी' के सहयोग से



हैदराबाद स्थित अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता एवं मध्यस्थता केंद्र द्वारा किया गया था। न्यायमूर्ति कोहली ने कहा कि यह समझना आवश्यक है कि न्याय का सार न केवल मध्यस्थता निर्णयों का सम्मान करने और उन्हें लागू करने में निहित है, बल्कि हितधारकों के लिए निष्पक्षता और समानता की रक्षा करने में भी निहित है। उन्होंने कहा, ''इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए कि पेटेंट की अवैधता या सार्वजनिक नीति के आधार पर न्यायिक हस्तक्षेप एक असाधारण उपाय होना चाहिए, जिसे संयम से और बहुत सावधानी के साथ लागू किया जाना चाहिए।जैसे–जैसे मध्यस्थता का परिदृश्य विकसित हो रहा है और नई चुनौतियां सामने आ रही हैं, भारतीय न्यायपालिका ने भी समय की बदलती जरूरतों के अनुरूप खुद को ढाल लिया है।'' उन्होंने कहा, ''जैसा कि हम 2030 की ओर देखते हैं, मध्यस्थता में भारत की आगे की राह के लिए संस्थागत मध्यस्थता पर बहुत ध्यान देना आवश्यक है। अपनी क्षमता का पूरी तरह से इस्तेमाल करने के लिए, भारत को अपने मध्यस्थता संस्थानों की परिचालन प्रभावशीलता और वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ाना जारी रखना होगा।''

न्यायमूर्ति कोहली ने कहा कि पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका (एमईएनए) क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए विभिन्न न्याय क्षेत्रों में मध्यस्थता प्रथाओं में सामंजस्य स्थापित करना होगा, ताकि अधिक निवेशक–अनुकूल माहौल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि इसके के लिए क्षेत्रीय सहयोग और संवाद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के समय मिले अनुभव के परिणामस्वरूप मध्यस्थता के क्षेत्र में ऑनलाइन विवाद समाधान तंत्र की दिशा में एक बड़ा बदलाव आया है।

## शपथ ग्रहण समारोह: बांग्लादेश की प्रधानमंत्री हसीना, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अफीफ दिल्ली पहुंचे



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने शनिवार को घोषणा की कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित उसके पड़ोसी और हिंद महासागर क्षेत्र के सात देशों के नेता नौ जून को प्रधानमंत्री पद के लिए नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

हसीना और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ पहले ही दिल्ली पहुंच चुके हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, शपथ ग्रहण समारोह में हसीना और अफीफ के अलावा समारोह में भाग लेने वाले अन्य नेताओं में नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड', श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे शामिल हैं। उसने कहा, नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए नेताओं की यात्रा भारत द्वारा अपनी 'पड़ोसी पहले' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप है। भारत, 'सागर' (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) की व्यापक नीति रूपरेखा के अंतर्गत हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के साथ सहयोग कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा, लोकसभा चुनाव 2024 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मंत्रिपरिषद का शपथ ग्रहण समारोह नौ जून 2024 को निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेताओं को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है।

## जगन्नाथ मंदिर सौंदर्यीकरण परियोजना के तहत इस्तेमाल 'फोकस लाइट' हटाई

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के मुख्य सचिव पी.के. जेना ने पुरी जिला प्रशासन को श्री जगन्नाथ मंदिर सौंदर्यीकरण परियोजना के तहत इस्तेमाल की गई विभिन्न फोकस लाइट को कथित तौर पर हटाए जाने की जांच का आदेश दिया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

आम तौर पर किसी खास क्षेत्र, वस्तु या स्थल को विशेष रूप से रोशन करने के लिये केंद्रित प्रकाश व्यवस्था को 'फोकस लाइट' या स्पॉट लाइट कहा जाता है।

श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने जब यह पाया कि तीर्थ नगरी पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर के पास लगाई गई 'फोकस लाइट' गायब हो गई हैं तो उन्होंने यह मुद्दा उठाया।

मतगणना वाले दिन शाम को और चुनाव में बीजू जनता दल (बीजद) की हार के बाद लाइट हटा दी गईं।

अधिकारी ने बताया कि मुख्य सचिव ने पुरी के जिलाधिकारी को 12वीं सदी के मंदिर के पास इस्तेमाल की जाने वाली फोकस लाइट को हटाए जाने के मामले की जांच करने का निर्देश दिया है।

जेना ने पुरी के जिलाधिकारी को लाइट हटाए जाने में शामिल लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने को भी कहा है।

## 'पुराना ही दमदार है' : बंगाल भाजपा में असंतोष के बीच दिलीप घोष ने की टिप्पणी

**कोलकाता/भाषा।** अपने जैसे स्थापित नेताओं को जीतने योग्य निर्वाचन क्षेत्रों से चुनौतीपूर्ण चुनावी मैदानों में स्थानांतरित करने के पीछे के औचित्य पर सवाल उठाने के बाद भाजपा नेता दिलीप घोष ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट डाला, जिससे पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई में 'पुराने बनाम नए' बहस की अटकलें शुरू हो गईं।

घोष ने एक्स पर एक गोपनीय संदेश पोस्ट किया, ओल्ड इज



गोल्ड (पुराना ही दमदार है)।

घोष ने पहले कहा था कि पार्टी द्वारा पुराने नेताओं को दरकिनार करना गलती थी और चुनाव में हार का सामना तो करना ही पड़ता क्योंकि नए और अनुभवहीन नेता फैसले ले रहे हैं। इस चुनाव में राज्य में भाजपा की लोकसभा सीटों की संख्या 2019 में 18 से घटकर 12 रह गई, जब घोष भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष थे। भारतीय जनता पार्टी ने इस बार 42 में से 30 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा था। घोष को बर्धमान–दुर्गापुर सीट पर तृणमूल कांग्रेस के कीर्ति आजाद के हाथों लगभग 1.38 लाख वोटों से हार का सामना करना पड़ा।

## पांडियन की आलोचना करना दुर्भाग्यपूर्ण है उन्होंने शानदार काम किया: नवीन पटनायक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** बीजू जनता दल के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने शनिवार को कहा कि ओडिशा विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के लिए वी के पांडियन की आलोचना करना दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि उन्होंने 'शानदार काम' किया है।



ओडिशा के पांच बार मुख्यमंत्री रह चुके पटनायक ने दोहराया कि तमिलनाडु से आये और नौकरशाह से राजनेता बने पांडियन उनके उत्तराधिकारी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा के लोग तय करेंगे कि उनका उत्तराधिकारी कौन होगा। नवीन पटनायक ने शनिवार को कहा कि लोगों के फैसले को विनम्रता से स्वीकार करना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वह हर संभव तरीके से ओडिशा के लोगों की सेवा करते रहेंगे।

उन्होंने पीटीआई–वीडियो से बात करते हुए कहा, ''पांडियन की आलोचना करना दुर्भाग्यपूर्ण है। वह पार्टी में शामिल हुए, लेकिन उन्होंने कोई पद नहीं संभाला। उन्होंने किसी भी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव नहीं लड़ा। जब भी मुझसे मेरे उत्तराधिकारी के बारे में पूछा गया मैंने हमेशा स्पष्ट रूप से कहा है कि वह पांडियन नहीं हैं। मैं फिर से दोहराता हूं कि ओडिशा के लोग ही मेरे उत्तराधिकारी का फैसला करेंगे।''

## निर्वाचन आयोग ने ओडिशा के आईपीएस अफसर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**भुवनेश्वर/भाषा।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में 'गलत तथ्य सामने रखने' को लेकर ओडिशा के एक आईपीएस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने तथा एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी डी.एस. कुटेय का निलंबन रद्द करने की सिफारिश की है। ओडिशा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजे पत्र में आयोग ने कहा कि एम्स (भुवनेश्वर) के विशेष चिकित्सा बोर्ड की रिपोर्ट में 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी आशीष कुमार सिंह को शारीरिक एवं मानसिक रूप से 'फिट' घोषित किया है। वह चार मई से स्वास्थ्य के आधार छुट्टी पर हैं। ओडिशा के मुख्यमंत्री के विशेष सचिव कुटेय को आयोग ने 'चुनाव के संचालन में अनुचित दखल' देने को लेकर 28 मई को निलंबित कर दिया था।

## मणिपुर : संदिग्ध उग्रवादियों ने जिरीबाम में एक पुलिस चौकी और कई घरों में लगाई आग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंफाल/भाषा।** मणिपुर के जिरीबाम जिले में शनिवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने एक पुलिस चौकी और कई घरों में आग लगा दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि उग्रवादियों ने शुक्रवार देर रात करीब 12:30 बजे बराक नदी के किनारे चोटोबेकरा इलाके में स्थित जिरी पुलिस चौकी को आग के हवाले कर दिया था। राज्य की राजधानी इंफाल से लगभग 220 किलोमीटर दूर स्थित






जिले के मोधुपुर क्षेत्र के लामताई खुनौ में पहाड़ी क्षेत्र के संदिग्ध उग्रवादियों ने अंधेरे का फायदा उठाकर कई हमले किए। जिरीबाम के जिलाधिकारी ने पीटीआई–भाषा को बताया कि जिरीबाम के बाहरी इलाके के कई घरों में आग लगा दी गई, हालांकि अभी सटीक संख्या की पुष्टि नहीं की जा सकती। पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा अभियान में सहायता के लिए मणिपुर पुलिस की एक कमांडो टुकड़ी को शनिवार सुबह इंफाल से जिरीबाम भेजा गया। आंतरिक मणिपुर लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोईजाम ने राज्य सरकार से जिरीबाम जिले के लोगों के जीवन और संपत्तियों की रक्षा करने का आग्रह किया है। अकोईजाम ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, ''मैंने जिरीबाम के जिला अधिकारियों से बात की है। उन्होंने कहा कि वहां अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी पहुंच गए हैं। शहर में रहने वाले लोगों को भी सुरक्षा दी जा रही है, लेकिन शहर के सीमाई क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षा नहीं दी जा रही है।'' अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जिरीबाम जिले में उग्रवादियों द्वारा कथित तौर पर एक व्यक्ति की हत्या किए जाने पर भड़की हिंसा के बाद यहां के लगभग 239 लोगों को उनके गांवों से निकाल कर जिरी शहर के खेल परिसर में स्थापित किए गए नए शिविरों में भेजा गया। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। जिरीबाम जिले में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा 59 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या किए जाने पर हुए विरोध–प्रदर्शन के बाद छह जून को जिला प्रशासन ने वहां अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया था।

## पाक से मैच छीन सकते हैं कोहली और बुमराह: आलम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** पाकिस्तान के ऑलराउंडर फवाद आलम ने कहा कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम को अगर रविवार को होने वाले बहुप्रतीक्षित मैच में भारत को हराकर टी20विश्व कप में अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसे विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे स्टार खिलाड़ियों पर लगाम लगानी होगी।

भारत ने जहां आयरलैंड के खिलाफ आठ विकेट से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की वहीं पाकिस्तान को मेजबान अमेरिका से सुपर ओवर में हार का सामना करना पड़ा। आलम ने पीटीआई वीडियो से कहा,''विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह अपने अपार अनुभव और कौशल के कारण भारत की तरफ से मैच में अपनी छाप छोड़ेंगे। वे बड़ी आसानी से पाकिस्तान से मैच छीन सकते हैं।'' उन्होंने कहा,''एक टीम के रूप में भारत बेहद



संतुलित है और उनसे पार पाना वास्तव में बेहद मुश्किल होगा।'' पाकिस्तान की तरफ से 19 टेस्ट, 34 वन डे और 24 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले आलम ने कहा कि मोहम्मद आमिर को भारत के खिलाफ मैच विजेता प्रदर्शन करना होगा जैसा कि उन्होंने 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में किया था।

आलम ने कहा,''मुझे लगता है कि मोहम्मद आमिर को खुद पर विश्वास करके मैच विजेता प्रदर्शन करना होगा। इसके अलावा कप्तान बाबर की भूमिका अहम रहेगी जिनका भारत के खिलाफ शानदार रिकॉर्ड रहा है।''

## सुविचार

**मेहनत करो तो धन बने, शब्द करो तो काम, मीठा बोलो तो पहचान बने, इज्जत करो तो नाम।**

## ट्वीट

आज मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ राजस्थान सरकार की भर्ती प्रक्रिया की के संबंध में समीक्षा बैठक ली व प्रदेश सरकार की विभिन्न भर्तियों की वर्तमान प्रगति एवं उपलब्धियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

-भजनलाल शर्मा

भारतीय संस्कृति और अध्यात्म की सनातन स्त्रोत, मोक्षदायिनी माँ गंगा के प्रकटोत्सव गंगा दशहरा पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ। मुझे विश्वास है कि हम सब माँ गंगा की धारा को अविरल बनाए रखने में सहयोगी बनेंगे। माँ गंगा का आशिर्वाद सदैव बना रहे।



-अर्जुनराम मेघवाल

## कहानी

# सुगंधा

पुष्पेश कुमार 'पुष्प'
मोबाइल : 09135014901

डॉ. हेली अपने बरामदे में बैठी सुगंधा के बारे में सोच रही थी। सुगंधा वही, जो उनके पड़ोस में रहने वाले रामफल की मंझली बेटी। वह पिछले कुछ दिनों से गुमसुम अपने बिस्तर पर पड़ी थी । उसकी भूख-प्यास खत्म हो चुकी थी और किसी से बातचीत भी नहीं करती थी। उदास-उदास न जाने किन ख्यालों में खोयी रहती। अभी उसकी उम्र ही क्या हुई थी? अभी तो उसके खेलने-कूदने की उम्र थी। मात्र सोलह साल की सुगंधा की सुगंध न जाने कहां गुम हो गयी? अभी-अभी तो रामफल आया था और कह रहा था- चलिये, न मेम साहब! सुगंधा न खाती है और न बोलती है। उसकी स्थिति दिन पर दिन खराब होती जा रही है। आखिर उसे कौन-सी बीमारी लग गयी है कि हंसती-खेलती सुगंधा तन्हाइयों में खो गयी। वीरानियों में खो गयी है, मेरी सुगंधा। उसकी हालत मुझसे देखी नहीं जाती। आप चलिये ! मैं अभी आयी। इतना कहकर डॉ. हेली सुगंधा के बारे में फिर सोचने लगी। डॉ. हेली सुगंधा की बीमारी की पहेली जितना सुलझाने का प्रयास करती। वह उतना उलझती जा रही थी। उसके घर के बाहर लोगों की भीड़ लगी थी। डॉ. हेली के पहुंचते ही लोग एक ओर हट गये। वहां खड़े लोग तरह-तरह की बातें कर रहे थे। डॉ. हेली के कान खड़े हो गये मोहल्ले का सुरेंद्र कह रहा था- न जाने क्या हो गया इस सुगंधा को? कितनी मिलनसार स्वभाव की थी। पढ़ाई में भी कितनी तेज। हर बार अपने क्लास में फर्स्ट ही आती है। फिर इसको ऐसा क्या हो गया, जो लोगों से बातें भी करना नहीं चाहती। वह समाज से कट क्यों रही है? अरे घर में ही कोई उल्टा-सीधा बोल दिया होगा। बात दिल में जाकर चुभ गयी होगी। एक औरत मुस्कुराते हुए बोली। हर मां - बाप अपने बाल-बच्चे को डांटते हैं। इसका मतलब थोड़े ही है कि खाना-पीना बंद कर दें। देखो तो कब से इसकी मां रोये जा रही है और यह महारानी मौन धारण कर टुकर-टुकर देख रही है। मोहल्ले की दूसरी औरत बोली।

डॉ, हेली बिना कुछ बोले कमरे के भीतर प्रवेश कर गयी। सुगंधा का चेहरा स्याह पड़ा था। बिखरे - बिखरे बाल, मैले-कुचले कपड़े पहने सुगंधा बिस्तर पर पड़ी थी। मानो न जाने कितने दिनों से बीमार हो। यह वही सुगंधा थी जिसकी खूशबू से सारा मोहल्ला सराबोर हो जाता था। हंसती-खिलखिलाती सुगंधा हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर लेती। वाणी में ऐसी मधुरता कि हर किसी को मुग्ध कर देती। खूबसूरती भी ऐसी कि हर किसी को अपनी ओर देखने को विवश कर देती। सुगंधा की तीन बहनें और भी हैं। वे भी काफी खूबसूरत है। ईश्वर ने इन चारों बहनों को खूबसूरती दी, लेकिन इनकी खूबसूरती को गरीबी फीकी कर देती है। रामफल मेहनत-मजदूरी कर घर का खर्चा चलाता है। ऊपर से चार बेटियों का बोझ अलग। इनकी शादी को लेकर, तो वह पहले से ही चिंता में घुला जा रहा था और अब सुगंधा दूसरी परेशानी बनकर उसके समाने मुंह बाये खड़ी थी।

डॉ. हेली सुगंधा के करीब गयी और उसे अपने सीने से लगा ली। सुगंधा रोये जा रही थी। उसके आंसू थमने के नाम नहीं ले रहे थे। तीनों बहनें भी चुपचाप आंसू बहाये जा रही थी। डॉ. हेली उसके बालों को सहलाते हुए बोली - सुगंधा! ऐसा क्या हो गया, जो तुम इतनी गुमसुम और उदास हो गयी। बता तेरी परेशानी क्या है? मैं तेरी परेशानी दूर करुंगी। नहीं खाओगी, पीओगी तो तुम कमजोर हो जाओगी। हमारी हंसती - मुस्कुराती सुगंधा को क्या हो गया? ऐसा कौन - सा गम है, जो हमारी सुगंधा को बेचैन कर रहा है। क्या किसी ने कुछ कहा? बता सुगंधा तुझे क्या हो गया? तू कुछ बोलती क्यों नहीं? मुझसे भी तुम नाराज हो। लेकिन वह गुमसुम एकटक डॉ. हेली को देख रही थी। उसकी आंखों में उदासी और भारीपन था। कोई दर्द था, जो अपने सीने के किसी कोने में दबा रखी हो।

ऐसा दर्द जो किसी को बताया नहीं जाता, जिसे सिर्फ एहसास किया जाता है। डॉ. हेली ने उसकी बहनों से पूछा - आखिर इसके साथ क्या हुआ, जो खाना-पीना त्याग दीं। इतनी गुमसुम तो नहीं थी सुगंधा। कहीं तुम लोगों ने कोई बात तो नहीं कह दी, जो इसके दिल में घर कर गयी। यदि सुगंधा के साथ कुछ हुआ है, तो सच मत छिपाओ। उसकी बड़ी बहन कोमल आंसू बहाते हुए बोली - मेम साहब ! किसी ने कुछ नहीं कहा। न जाने क्यों पिछले कुछ दिनों से खोयी-खोयी रहती थी। पूछने पर कुछ बोलती भी नहीं थी। मैं तो खुद इसके बदले व्यवहार से चकित हूं। सुगंधा सबको हंसाते रहती थी। आज वही सुगंधा गुम हो गयी। मैं खुद समझ नहीं पा रही हूं कि आखिर सुगंधा को कौन-सी बीमारी लग गयी? न खाती है न पीती है। अब आप ही कुछ कीजिए।

डॉ. हेली यह सोचने पर विवश हो गयी कि कोमल जो कह रही है, वह सच नहीं है। कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ जरूर है, क्योंकि सुगंधा की आंखें कुछ और ही कहानी बयां कर रही थी? उसकी पथरायी आंखें किसी अनहोनी की ओर संकेत कर रही थी। आखिर सुगंधा अपनों से नजरें क्यों चुरा रही है? अपनों के बीच उसमें सुरक्षा की भावना कैसे आ गयी? कहीं किसी अनुभवी ने सुगंधा की गंध फैलने के पहले उसकी सुगंध तो नहीं चुरा लीं? सुगंधा अभी कली है और किसी ने कहीं उस कली के खिलने के पहले ही अपने पैरों तल रौंद तो नहीं दिया? आखिर सुगंधा मुरझा क्यों गयी? उसकी सुगंध गुम क्यों हो गयी? कुछ तो है जो सुगंधा के परिवार वाले मुझसे छिपा रहे हैं।

कल ही उनका कंपाउंडर मनोरंजन कह रहा था कि मेम साहब ! आप बहुत भोली हैं। रामफल एकदम मतलबी आदमी है। जब घर में किसी को कुछ हुआ आपको बुला लेता है और आप हैं कि मुफ्त में इलाज, दवा का इंतजाम कर देती हैं। आप नहीं जानती कि रामफल कितना गिरा हुआ आदमी है। किसी से नहीं रुपये उधार ले रखा है। लोगों के मांगने पर भी रुपये नहीं लौटता। शहर में कहीं भी शादी-ब्याह हो बिना बुलाए पूरे परिवार के साथ खाने चला जाता है।

मनोरंजन की बातें सुनकर डॉ. हेली बोली- क्या अनाप-शनाप बके जा रहे हो? इंसान परिस्थितियों का दास है। समय और परिस्थितियां इंसान से क्या कुछ नहीं करवा देती? गरीब इंसान का भी अपना ईमान और धर्म होता है। गरीबी इंसान को किस हद तक गिरा देती है, यह गरीब आदमी ही जानता है । गरीबी से लड़ना इतना आसान नहीं है, जितना तुम समझते हो। तुम क्या जानो गरीबों का दर्द? हर बीमारी का इलाज है, लेकिन गरीबी का आज तक इलाज नहीं निकला। रामफल भी क्या करें? दिनभर में कितना कमाता होगा? तुमने कभी जानने का प्रयास किया। शायद नहीं ! क्योंकि हम सब मतलबी हैं? किसी के दुख-दर्द से हमें कोई लेना-देना नहीं होता। बस उसकी बुराई को उजागर करते हैं। अमीर लोगों में कितनी बुराई है, लेकिन उनके बारे में कोई कुछ नहीं कहता। गरीब की गरीबी पर हर कोई उंगली उठाता है। रामफल भी कहां से परवरिश करें अपने परिवार का? वह चोरी-बेईमानी कर नहीं सकता! बस किसी तरह दर्द भरी जिंदगी जीने को मजबूर है। जवान बेटियों का बोझ अलग। डॉ. हेली की बातें सुनकर मनोरंजन अपना सिर झुका लिया। डॉ. हेली सोचने लगी कि इंसान को कभी-कभी अनइच्छा से ही किसी की बात पर विश्वास करने को विवश होना पड़ता है, जैसे मनोरंजन की बातों में कोई रहस्य छिपा था। वह स्वयं सुगंधा के सच से अवगत होना चाहती थी। डॉ. हेली कमरे से बाहर निकलते ही रामफल से बोली- सुगंधा को मेरे घर पर लेकर आओ। उसका इलाज मैं वही करूंगी। सुगंधा जल्द ही ठीक हो जाएगी। और डॉ. हेली सुगंधा की ओर अपनी निगाहें गड़ा दी। सुगंधा डबडबायी आंखों से उन्हें देख रही थी मानो उसकी आंखों में कोई कसक हो, जो उसे बेचैन कर रही थी। डॉ. हेली भी प्रेम भरी निगाहों से सुगंधा को देखते हुए कमरे से बाहर निकल गयी।

सुगंधा को डॉ. हेली के घर पर रामफल लेकर आया था। डॉ. हेली ने कहा - अब आप जाइए। आप निश्चिंत रहियेगा। दो-तीन दिन बाद हंसती सुगंधा को आपके घर तक पहुंचा दूंगी। इसका पूरा इलाज करुंगी। रामफल हाथ जोड़कर बोला- अब आपका ही सहारा है। आप सुगंधा को जरूर ठीक कर देगी, लेकिन मेम साहब! इलाज का खर्चा मैं नहीं दे पाऊंगा।

कौन इलाज का खर्च मांग रहा है। आप खर्चे की चिंता मत कीजिए। सुगंधा मेरी बेटी जैसी है। अपनो से कोई कुछ मांगता है। और रामफल हाथ जोड़े अपना सिर झुकाकर चला गया। डॉ. हेली ने सुगंधा का अपने घर पर पूरा ध्यान रखा और उसे वह प्रेम दिया, जिसे पाने को वह बेताब थी। डॉ. हेली ने उसके बालों पर अपने हाथ फेरते हुए बोली - सुगंधा ! आखिर तेरे साथ क्या हुआ, जो तू अपना ये हाल बना लिया है। तुझे किस बात की चिंता खायी जा रही है। ऐसी कौन-सी बात है, जो चाहकर भी किसी से कह नहीं पा रही है। तू मुझे बता मैं तेरी समस्या का समाधान करूंगी। ये बातें मेरे अलावा कोई और नहीं जानेगा। मुझ पर विश्वास कर, मैं तेरा विश्वास नहीं तोड़ूंगी।

वह डबडबायी आंखों से डॉ. हेली को देखने लगी। डॉ. हेली के काफी समझाने के बाद उसने सारी सच्चाई उगल दी। उसके परिवार वालों ने झूठ कह था कि सुगंधा के साथ कुछ नहीं हुआ। सुगंधा के साथ बहुत कुछ हो गया था। उसका परिवार इस सच को जानता था, लेकिन वे लोग भी जानकर अनजान बने थे। सुगंधा आंसू बहाते हुए बोली - मेम साहब ! मुझे प्रेम में किसी ने धोखा दिया है। मेरे जज्बातों के साथ खेला है। मैं उसके प्यार में लुट गयी और वह मुझे धोखा देकर भाग गया। यह सुनकर डॉ. हेली आश्चर्यचकित रह गयी। वे यह सोचने पर विवश हो गयी कि सोलह साल की सुगंधा आखिर कैसे प्रेम के मोह जाल में फंस गयी। अभी इसने मैट्रिक पास भी नहीं की, फिर इसमें दैहिक सुख की कामना कैसे जाग गयी? कहीं इन सबके पीछे इसकी कोई मजबूरी तो नहीं थी। डॉ. हेली बोली- सुगंधा ! तुम्हें किसी ने धोखा दिया और किसने तुम्हारे जज्बातों के साथ खेला। सब कुछ साफ-साफ बताओ।

स्कूल जाते समय रास्ते में एक दिन शहर के सबसे अमीर और दबंग मुनि सिंह के बेटे के गाड़ी से मैं टकरा गयी। उसने ही मेरी मरहम-पट्टी करवायी। इसी दौरान वह मेरी खूबसूरती पर फिदा हो गया। वह रोज अपनी गाड़ी फुटपाथ पर लगाकर मेरी खूबसूरती का दीदार करता था। धीरे-धीरे मैं भी उसे पसंद करने लगी। वह मुझे अपने सपनों की दुनिया में सैर कराने लगा। मैं उसके झांसे में आ गयी। वह मुझे सपने दिखाता रहा और मैं उसके जाल में फंसती चली गयी।

मेरी आंखों में भी सपने तैरने लगे। मैं भी उसके सपनों की दुनिया में खो गयी। गरीबी और बेबसी क्या होती है? मैं बहुत करीब से देखी थी। अपने परिवार की गरीबी को दूर करने का उपाय ढूंढ़ लिया था। अपनी बहनों की शादी में होने वाले खर्च से अपने पिता को मुक्त करने का आसान रास्ता खोज लिया था। मैं अपने पिता को बेटियों की शादी से मुक्त कर देना चाहती थी। उसने वादा किया था कि यदि मैं उससे शादी कर लूंगी, तो वह मेरे परिवार की गरीबी को दूर कर देगा। गरीबी क्या होती है, मैं अच्छी तरह जान गयी थी। गरीबों के सपने कभी पूरे नहीं होते, लेकिन गरीब के सपने को सच करने वाला मेरी जिंदगी में खुशियों की सौगात लेकर आया था।

अपने परिवार के अभाव और कष्टों का मुझे एहसास था। मैं भी वही खुशियां हासिल करना चाहती थी, जो हर किसी की चाहत होती है। हर अच्छी - बुरी चीज को छूकर देखना चाहती थी। पर एक गरीब की बेटी इन सब चीजों का कैसे एहसास कर पाती? और मैं खुशियों की खोज में उसके जाल में फंसती चली गयी। वह मुझे होटल और पार्क में ले गया। मेरे ऊपर खूब पैसे लुटाया। वह मेरी हर इच्छा पूरी करता रहा। मेरी खूबसूरती का भरपूर आनंद उठाया। मेरे घर वाले भी इस बात को जानते थे। अपनी गरीबी से मुक्ति पाने का एहसास जो उन्हें था। इसी कारण परिवार के लोग मूक दर्शक बने थे। वे अपनी लाचारी और बेबसी से मुक्ति जो चाहते थे। और सुगंधा की आंखों से आंसू बहने लगे। फिर क्या हुआ? डॉ. हेली उसके आंसू पोछते हुए बोली। वही हुआ जो एक अमीर गरीब के साथ करता है। गरीबों की जज्बात से खेलना तो अमीरों की फितरत है। वह मुझसे नहीं, बल्कि मेरे तन से प्रेम करता था। वह मेरी खूबसूरती से प्रेम करता था।

जब उसका मन भर गया तो चुसे हुए आम की गुठली की तरह मुझे फुटपाथ पर फेंक दिया। मैं मां बनने वाली थी। उस पर शादी का दवाब बनाने लगी। उसने शादी करने से साफ इंकार कर दिया और बोला - तुमने कैसे सोच लिया कि मैं तुमसे शादी करुंगा। तुम थर्ड क्लास लोगों का यही धंधा है कि पहले अमीर लोगों को अपने प्यार के जाल में फंसाना और फिर उन्हें ब्लैक मैल करना। जितना तुम्हारे तन का आनंद उठाया, उसका भुगतान कर दिया। मुफ्त में थोड़े ही तुम्हारी खूबसूरती का लुत्फ उठाया। उसका तो तुमने मुआवजा वसूल लिया। मुझसे शादी करने की बात अपने मन से निकाल दो और इस बच्चे को गिरा दो। अपनी नयी जिंदगी की शुरुआत करो। इसी में तुम्हारी भलाई है।

यह सुनते ही मेरे सपने टूटकर बिखर गये। वह मुझसे प्यार का दिखावा करता रहा और मैं उसके जाल में फंसती चली गयी। मैं अब किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं रही। उसने मेरे जज्बातों से खेला है। मैं उसे नहीं छोड़ूंगी। उसके किये कि सजा दूंगी। लेकिन कैसे ! कैसे मेम साहब ! और वह रोती हुई डॉ. हेली से लिपट गयी।

डॉ. हेली सुगंधा के बालों को सहलाते हुए बोली- सुगंधा ! इसमें तुम्हारी कोई गलती नहीं है। गरीबी इंसान से क्या कुछ नहीं करवा देती? समय और परिस्थिति इंसान को किस मोड़ पर लाकर खड़ा देगा कोई नहीं जानता। मैं तुम्हारे दर्द को समझती हूं। मैं तुम्हारे साथ हूं। मर्द की फितरत बदलते देर नहीं लगती और मौका मिलते ही मुंह मारने से चुकता नहीं।

किसी की बेबसी और लाचारी का फायदा उठाने में लोग पीछे नहीं रहते। मैं तुम्हारे लिए लड़ूंगी। तुम्हारा हक दिलवाऊंगी। मैं आज ही मुनी सिंह से उसके बेटे की करतूत के लिए बात करुंगी। यदि नहीं माना तो कानूनी लड़ाई लड़ूंगी। डॉ. हेली मुनी सिंह के पास सुगंधा की फरियाद लेकर गयी। अपने बेटे की करतूत सुनकर वह बोला - आप किस दो नंबर की लड़की की फरियाद लेकर आयी हैं। ऐसे लड़की को कैसे अपने घर की बहू बना सकता हूं। न जाने किसका पाप लेकर अपने पेट में घूम रही है और मेरे बेटे पर आरोप लगा रही है। मैं ऐसी लड़कियों को अच्छी तरह जानता हूं। ये पैसों की खातिर कुछ भी कर सकती है। आप इस मामले में टांग न अड़ाये, तो अच्छा होगा। मैं इस मामले को सलटा दूंगा। यह सुनकर डॉ. हेली का मन उस व्यक्ति के प्रति घृणा से भर गया और वहां से चुपचाप चली गयी। डॉ. हेली मन ही मन सोचने लगी कि सुगंधा उससे लड़कर जीत नहीं सकती। वह पैसों के बल पर कानून के शिकंजे से बच जाएगा, लेकिन सुगंधा किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं रहेगी। कानून गरीबों के लिए बने हैं। अमीरों के लिए नहीं। इस लड़ाई चक्कर में उसका पूरा परिवार पिस जाएगा। फिर बदनामी अलग से। उसके परिवार का सुख-चैन छिन जाएगा। फिर रामफल की बेटियों से कौन शादी करेगा? वह जीते-जी मर जाएगा। मैं उस बच्ची की जिंदगी बरबाद नहीं होने दूंगी। मैं उसे समझाऊंगी।

डॉ. हेली सुगंधा को समझाते हुए बोली - उसे सजा दिलाना इतनी आसान बात नहीं है, जितना तुम समझ रही हो। उसके पास पैसा है, पहुंच है। तुम्हारे मां - बाप के पास क्या है? क्यों उनका सुख-चैन छिनना चाहती हो? इस घटना को एक दुस्वप्न समझकर भूल जाओ। गरीब को कब इंसाफ मिला है, जो तुम्हें मिलेगा? समाज तुम्हें ही दोषी ठहरायेगा। तुम कुवांरी मां बनकर समाज में जी नहीं पाऊंगी। जरा अपनी बहनों के बारे में सोचो ! जब यह बात लोगों को पता चलेगा, तो कौन उनसे शादी करेगा? गलतियां किससे नहीं होती। तुम्हें अभी जिंदगी की कई जंग जीतनी है। तू हिम्मत मत हार। मैं तुम्हारे साथ हूं। तू इस बच्चे को जन्म नहीं देगी और यह सच कोई नहीं जान पाएगा। एक जिंदगी बचाने के लिए कई जिंदगियां तबाह हो जाएगी। आगे जो होगा देखा जाएगा। बस तू अपनी पढ़ाई में मन लगा। कुछ कर गुजरने की तमन्ना रख। सफलता तुम्हारे कदम चूमेगी।

सुगंधा डॉ. हेली की बातों को समझ गयी थी। अब उसकी बीमारी ठीक हो गयी। डॉ. हेली उसे उसके घर पर छोड़ने गयी थी। वहां का दृश्य देखकर डॉ. हेली अवाक रह गयी। मुनि सिंह उसके बाप को नोटों की गड्डियां दे रहा था। रामफल उन नोटों की गड्डियां थामे मुस्कुरा रहा था। मानो उसकी लाइलाज बीमारी का इलाज हो गया हो। ये गड्डियां मानो उसके सिर से बेटियों की शादी का बोझ उतार दिया हो। उसने सुगंधा की सुगंध का सौदा कर लिया था।

वही सुगंधा कभी डॉ. हेली को देखती तो कभी अपने बाप को। सुगंधा समझ नहीं पा रही थी कि क्या गरीब की इज्जत का यही हश्र होता है? क्या गरीब की बेटियों की कोई इज्जत नहीं होती? उनकी इज्जत तो दौलत से खरीद ली जाती है। और वह अपनी निगाहें जमीन में गड़ा दी। वह इस लाचारी और बेबसी को क्या नाम दें?

## संजय उवाच



संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com

# दर्शन-प्रदर्शन

आज यूँ ही विचार उठा कि समय ने मूल्यों को कितनी गति से और आमूल बदल दिया है। अपवाद तो हर समय होते हैं पर समय के विश्लेषण का मानक तो परम्परा ही होती है। दो घटनाओं के माध्यम से इसे समझने का प्रयास करेंगे।

पहली घटना लगभग चालीस वर्ष पुरानी है। बड़े भाई महाविद्यालय में पढ़ते थे। उनके एक मित्र उनसे मिलने घर आए। यह साइकिल का जमाना था। गर्मी की छुट्टियों का समय रहा होगा। वे काफी दूर से आए थे, पसीने से लथपथ थे। पानी पीने के बाद माँ से बोले, चाची शिकंजी बनाना। फिर पैंट की जेब में हाथ डाल कर दो नीबू निकाले और कहा, सोचा, पता नहीं घर में नीबू होगा या नहीं। रास्ते में एक जगह नीबू दिखे तो खरीद लाया। माँ ने उन्हीं नीबुओं से शिकंजी बनाई।

ये वे दिन थे जब जीवन को सहजता से जिया जाता था। 'सादा जीवन उच्च विचार' का दर्शन हमारे सामाजिक-जीवन का केंद्र था। समय के साथ केंद्र सरका और दर्शन को प्रदर्शन ने विस्थापित कर दिया। इस विस्थापन का एक अनुभव हुआ लगभग दस वर्ष पहले।

एक व्याख्यान के लिए दिल्ली जाना था। सम्बंधित संस्था ने आने-जाने के लिए हवाई जहाज की यात्रा का किराया देने का प्रावधान किया था। मैंने इकोनॉमी क्लास के टिकट खरीदे। एक परिचित भी उसी आयोजन में जाने वाले थे। सोचा एक से भले दो। यात्रा में साथ हो जाएगा। उनसे बात की। उन्होंने बताया कि वे एक अन्य प्रीमियम एयरलाइंस की बिजनेस क्लास से यात्रा करेंगे। बात समाप्त हो गई।... मैं दिल्ली पहुँचा। व्याख्यान हुआ। होटल में मैं और मेरे परिचित अड़ोस-पड़ोस के कमरे में ही ठहरे थे। बातचीत के दौरान किसी संदर्भ में उन्होंने आने-जाने के टिकट दिखाए। उनके टिकट भी इकोनॉमी क्लास के ही थे। उन्हें तो अपना असत्य याद नहीं रहा पर सत्य सारी परतें भेदकर बाहर आ गया।

गाड़ी के शीशे पर लिखा होता है, 'ऑब्जेक्ट्स इन मिरर आर क्लोजर देन दे एपियर।' सत्य भी मनुष्य के निकट ही होता है, उसे दिखता भी है पर गाड़ी के शीशे में दिखती वस्तु की भाँति वह उसे दूर मानकर उससे भागने की फिराक में रहता है। नश्वरता को शाश्वत से बड़ा मान लेने की मनुष्य की प्रवृत्ति विचित्र है। 'लार्जर देन लाइफ' सामान्यत: अद्वितीय सकारात्मक क्षमता के लिए प्रयोग किया जाता है। इसके मूल को नष्ट करते हुए हमने प्रदर्शन के लिए इसका प्रयोग करना आरंभ कर दिया है।

वस्तुत: जीवन जितना सादा होगा, जितना सरल होगा, जितना सहज होगा, उतना ही ईमानदार होगा। जीवन को काँच-सा पारदर्शी रखें, भीतर-बाहर एक-सा। भीतर कुछ और, बाहर कुछ और.. इस ओर-छोर का संतुलन बनाये रखने की कोशिश में बीच की नदी सूख जाती है। जीवन प्रवाह के लिए है। अपने आप को सूखने से बचाइए।

प्रकृति का एक घटक है मनुष्य। प्रकृति हरी है, जीवन हरा रहने के लिए है। पर्यावरण दिवस पर इस हरेपन का सबसे बड़ा प्रतिदान मनुष्य, प्रकृति को दे सकता है।

## बोध कथा

# भूतिया ढाबा

एक दिन बच्चों ने पिकनिक जाने की बात कही। यह सुनते ही अंकिता की रूह कांप गई, क्योंकि उसे एक पुराना किस्सा याद आ गया। ये बात तब कि है जब अंकिता 10वीं क्लास में पढ़ रही थी। एक दिन टीचर ने पिकनिक का प्लान बनाया था। अपने सभी दोस्तों के साथ अंकिता ने भी जाने के लिए हां कर दी। पिकनिक पर जाना था पावागढ़। पूरा स्कूल पिकनिक जा रहा था, इसलिए करीब 30 बस सभी बच्चों को ले जाने के लिए तैयार थी। अंकिता अपने दोस्तों के साथ सबसे पीछे वाली बस में बैठ गई। सभी हंसते-मस्ती करते हुए बस से जा रहे थे। तभी कुछ दूर जंगल के पास पहुंचकर उसी बस से तेज आवाज आई। ये वक्त रात के करीब डेढ़ बजे का था। ड्राइवर गाड़ी से बाहर निकला, तो उसे पता चला कि टायर फट गया है।

ड्राइवर ने सबसे कहा कि बस का टायर बदलने में करीब दो घंटे लगेंगे आप सब नीचे उतर जाइए। मैं इसे बदल देता हूं। आप लोग पास के ढाबे में जा सकते हैं। वहां गर्म-गर्म चाय पी लीजिए और मैं इस टायर को फटाफट बदलने की कोशिश करता हूं। ड्राइवर की बात सुनकर सभी बस से उतर गए और पैदल चलते हुए पास के ढाबे में पहुंचे। वहां एक बूढ़ा व्यक्ति चाय बना रहा था। इतनी रात को ढाबा खुला हुआ और किसी इंसान को चाय बनाते देख सबको हैरानी हुई।

उस बूढ़े इंसान ने कहा, आप सब चाय पी लीजिए। यहां अक्सर लोगों की गाड़ी खराब हो जाती है, इसलिए मैं भी अपना ढाबा हरदम खुला रखता हूं। आप जैसे राहगिरों को कुछ मदद हो जाती है।

उनकी बात सुनकर सबने चाय का ऑर्डर दे दिया। उन्होंने कुछ ही देर में सबके लिए चाय बनाकर मेज पर रख दी। चाय पीते हुए अंकिता की आंखें एकदम ढाबे की छत की तरफ गई। वहां अंकिता ने एक औरत को सफेद रंग की साड़ी में खुले बाल लहराते हुए देखा। कुछ देर बाद वो जोर-जोर से हंसने लगी। भले ही हंसने की आवाज किसी को सुनाई नहीं दे रही थी, लेकिन अंकिता ने उसे मुंह खोलकर हंसते हुए देखा था। ये सब देखकर अंकिता ने डर के मारे आंखें नीचे झुका लीं। कांपते हुए किसी तरह से अंकिता ने चाय दोबारा पीना शुरू ही किया थी कि उसी वक्त जोर-जोर से किसी के चिल्लाने की आवाज जंगल की



ओर से आई। ढाबे में बैठे हुए सभी बच्चे और टीचर उस आवाज को सुनकर डर गए। सबको डरा हुआ देखकर उस बूढ़े इंसान ने कहा कि मैं देखकर आता हूं क्या हुआ है। आप लोग यहीं बैठे रहो। इतना कहकर वो आवाज की तरफ बढ़ गया।

तभी एक लड़की को खून की उल्टी लगातार होने लगी। उसको देखकर सबकी हालत और खराब हो गई। उसी समय एक टीचर ने कहा कि तुम सब आग जलाओ और उसके बगल में बैठ जाओ। सबने मिलकर आग जलाई और गोल घेरा करके बैठ गए। टीचर ने सख्त लहजे में सबसे कह दिया कि अकेले कोई कहीं नहीं जाएगा। वैसे भी सब इतना डरे हुए थे कि अकेले कहीं जाने की हिम्मत हो नहीं रही थी।

आग के पास बैठे-बैठे तीन बज गए। तब कहीं जाकर वो बूढ़ा इंसान जंगल से लौटकर आया। उसने सबकी तरफ देखा और कहा कि उस चीख को सब भूल जाना, नहीं तो जीना मुश्किल हो जाएगा। इतना कहकर वो ढाबे के अंदर चला गया गया। तभी ड्राइवर भी टायर बदलकर बस लेकर ढाबे के पास पहुंचा। सभी लोग भगवान का नाम लेते हुए उस बस में बैठ गए।

टीचर ने बस में बैठते ही सबको कहा कि कोई एक दूसरे से बात नहीं करेगा। सीधे सब सो जाओ। टीचर की बात मानकर सब चुपचाप बस में ही सो गए। उसके बाद पिकनिक स्पॉट पर पहुंचे और करीब एक हफ्ते बाद घूमकर आ गए। पिकनिक में किसी ने दूसरे बस के बच्चों से उस रात के बारे में कुछ नहीं कहा, क्योंकि टीचर ने मना किया। लेकिन, पिकनिक से लौटते ही सबने अपने दोस्तों और दूसरी क्लास वालों को इस भूतिया घटना के बारे में बताया। आज पिकनिक का नाम सुनते ही यही भूतिया ढाबे की कहानी अंकिता के मन में आ गई और बच्चों को पिकनिक भेजने से उसे डर लगने लगा।

## वीर गाथा

# मेजर कमल कालिया: अपने खुफिया नेटवर्क से हिला दी थीं उल्फा की जड़ें

मेजर कमल कालिया का जन्म 5 जनवरी, 1958 को तमिलनाडु के चेन्नई में हुआ था। माता आशा देवी कालिया और पिता एएस राम कालिया के बहादुर बेटे कमल ने अपनी स्कूली शिक्षा अमरावती नगर के सैनिक स्कूल से प्राप्त की थी।

इसी दौरान उनका झुकाव सेना की ओर हुआ और सैनिक बनने का संकल्प समय के साथ दृढ़ होता गया। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद एनडीए की परीक्षा दी, जिसमें वे उत्तीर्ण हो गए। इसके बाद उन्हें आईएमए, देहरादून भेजा गया, जहां से वे साल 1979 में लेफ्टिनेंट बनकर लौटे। कमल कालिया को 4 मद्रास बटालियन में कमीशन मिला था। उन्हें श्रीलंका भी भेजा गया, जहां लिट्टे उग्रवादियों के खिलाफ कई अभियानों में भाग लिया था।

साल 1992 में मेजर कमल अपनी यूनिट के साथ ऑपरेशन राइनो के तहत असम में तैनात थे। वहां तिनसुकिया और डिब्रूगढ़ जिलों में उल्फा उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की ओर से अभियान चलाया जा रहा था। उग्रवादी अक्सर घात लगाकर हमला करते थे, इसलिए जवानों को हमेशा बहुत सतर्क रहना होता था।

मेजर कमल ने अपनी सैन्य सूझबूझ से उस इलाके में एक तगड़ा खुफिया नेटवर्क बना लिया था। इससे उन्हें उल्फा के शीर्ष उग्रवादियों के बारे में जानकारी मिल जाती थी। उन्होंने 05 अप्रैल, 1992 को अपने खुफिया नेटवर्क से मिली सूचना के आधार पर एक बड़े उग्रवादी को दबोचा था।

इसी तरह उन्होंने लखीपाथर इलाके में स्थित उल्फा के अड्डे पर धावा बोला। उस कार्रवाई में भी सुरक्षा बलों को बड़ी जीत मिली थी। मेजर कमल के एजेंटों ने उल्फा में इतनी कुशलता से सेंध लगाई कि इस उग्रवादी संगठन की जड़ें हिल गई थीं। उसके दर्जनों उग्रवादी या तो पकड़े गए या मारे गए। उल्फा को हथियार और गोला-बारूद भी जब्त किए जा रहे थे। इससे भयभीत होकर कई उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया था।

27 मार्च, 1993 को भी मेजर कमल के खुफिया सूत्रों ने महत्त्वपूर्ण सूचना दी, जिसके अनुसार, नंदांग में कुछ उग्रवादियों की बैठक होने वाली थी। वे लोग उसमें आगामी हमलों को लेकर साजिश रचने वाले थे। मेजर कमल ने ऐसा जाल बिछाया कि उल्फा के नौ उग्रवादी पकड़े गए।

मेजर कमल को 09 अप्रैल को खुफिया सूत्रों से सूचना मिली कि मोरन-डिब्रूगढ़ रोड पर एक कार में कुख्यात उग्रवादी नजर आया है। इस पर उन्होंने अपनी टीम को तुरंत सक्रिय कर दिया और उस उग्रवादी का पीछा करने लगे। इसी दौरान वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे मेजर कमल वीरगति को प्राप्त हो गए। एक साहसी, राष्ट्रभक्त और कर्तव्य-परायण सैनिक का यूं चले जाना देश के लिए बहुत बड़ा नुकसान था। मेजर कमल कालिया को 'शौर्य चक्र' से सम्मानित किया गया।



महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# श्रीलंका ने ऋण पुनर्गठन के मोर्चे पर मजबूत प्रगति की: आईएमएफ

कोलंबो/भाषा। श्रीलंका के वृहद आर्थिक सुधारों के नतीजे सामने आने लगे हैं और देश को जल्द ही बाहरी वाणिज्यिक ऋणदाताओं के साथ समझौते पर पहुंचने की उम्मीद है।

आईएमएफ ने नकदी की कमी से जूझ रहे देश के लिए अपने 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर के राहत कार्यक्रम की दूसरी समीक्षा से पहले यह बात कही।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के संचार विभाग की निदेशक जूली कोजैक ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में जोर देकर कहा कि श्रीलंका ने ऋण पुनर्गठन के मोर्चे पर मजबूत प्रगति की है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका का प्रदर्शन मजबूत है, दूसरी समीक्षा के लिए अधिकांश मात्रात्मक और संरचनात्मक शर्तें पूरी हुईं या देरी से लागू हुई हैं। उन्होंने कहा कि कुछ क्षेत्रों में सुधार अभी भी जारी हैं। श्रीलंका को 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर के राहत के तहत आईएमएफ की विस्तारित निधि सुविधा की दूसरी समीक्षा 12 जून को होनी है।

कोजैक ने पुष्टि की कि आईएमएफ का कार्यकारी बोर्ड दूसरी समीक्षा और अनुच्छेद-चार परामर्श पर चर्चा करने के लिए बैठक करेगा।

# मस्क ने मोदी को चुनाव में जीत की बधाई देते हुए कहा, भारत में 'रोमांचक काम' करने को उत्साहित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

न्यूयॉर्क/भाषा। अरबपति एलन मस्क ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई देते हुए कहा है कि वे अपनी कंपनियों द्वारा भारत में रोमांचक कार्य किए जाने को लेकर उत्साहित हैं। मोदी नौ जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। यह उनका प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरा कार्यकाल होगा।

मस्क ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों में जीत पर नरेन्द्र मोदी को बधाई! भारत में मेरी कंपनियों द्वारा किए जाने वाले रोमांचक काम को लेकर उत्साहित हूं।

प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें जवाब में कहा, एलन मस्क, आपकी शुभकामनाओं की सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली भारतीय युवा, देश की जनसांख्यिकी, पूर्वानुमानित नीतियां और स्थिर लोकतांत्रिक राजनीति इसके सभी भागीदारों के लिए कारोबारी माहौल प्रदान करती रहेगी।

इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला और माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने इससे पहले अप्रैल में टेस्ला संबंधी भारी दायित्वों के कारण भारत की अपनी प्रस्तावित यात्रा स्थगित कर दी थी।

मस्क 21 और 22 अप्रैल को भारत दौरे पर रहने वाले थे। इस दौरान उनका प्रधानमंत्री मोदी से भी मिलने का कार्यक्रम था। हालांकि, बाद में उन्होंने 'एक्स' पर ही सूचित किया था कि वे इसी साल बाद में भारत दौरे पर आने के लिए उत्साहित हैं।

पिछले साल जून में मस्क ने मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने कहा था कि वह 2024 में भारत आने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया था कि टेस्ला जल्द ही भारतीय बाजार में प्रवेश करेगी। उनकी प्रस्तावित यात्रा से यह उम्मीदें बढ़ गई थीं कि वह इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला के साथ-साथ अपने दूरसंचार उपक्रम (सैटकॉम) उद्यम स्टारलिंक को देश में स्थापित करने की योजना की घोषणा करेंगे।

# मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होना सम्मान की बात: मुइज्जू

माले/भाषा। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात होगा और इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत की उनकी यात्रा से परिलक्षित होगा कि द्विपक्षीय संबंध सकारात्मक दिशा में बढ़ रहे हैं।

नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी के शपथग्रहण समारोह में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार करने के बाद मुइज्जू की यह टिप्पणी आई। मोदी रविवार को पद की शपथ लेंगे और यह प्रधानमंत्री के रूप में उनका लगातार तीसरा कार्यकाल होगा। मुइज्जू के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति मुइज्जू ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत सरकार की मंत्रिपरिषद के शपथग्रहण समारोह में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

पिछले साल 17 नवंबर को पदभार संभालने के बाद यह चीन समर्थक राष्ट्रपति की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। मुइज्जू के पूर्ववर्ती राष्ट्रपतियों ने पद संभालने के बाद सबसे पहले नई दिल्ली की यात्रा की थी, लेकिन इसके विपरीत मुइज्जू ने सबसे पहले तुर्किये और चीन की राजकीय यात्रा की थी।

मालदीव में भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर ने राष्ट्रपति कार्यालय में शिष्टाचार भेंट के दौरान मुइज्जू को आमंत्रण पत्र सौंपा।

बयान में कहा गया कि इस दौरान उच्चायुक्त ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं और कहा कि मोदी भारत के प्रधानमंत्री के रूप में अपने तीसरे शपथग्रहण के अवसर पर राष्ट्रपति के इस महत्वपूर्ण समारोह में शामिल होने को लेकर आशान्वित हैं।

राष्ट्रपति ने निमंत्रण के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात होगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह भारत के साथ घनिष्ठ संबंधों को और मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं।

## लॉन्च




हैदराबाद में दर्पण फर्निशिंग्स के संस्थापक सुलेमान हिरानी, अभिनेत्री तेजस्वी मदीवाड़ा, वर्षा और अन्य के साथ शनिवार को कोमपल्ली में दर्पण के 9वें स्टोर के भव्य लॉन्च पर।

# कंगना ने उन्हें थप्पड़ मारने वाली सीआईएसएफ कांस्टेबल की प्रशंसा करने वालों की आलोचना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। अभिनेत्री से नेता बनीं कंगना रनौत ने शनिवार को उन लोगों की आलोचना की जो उस सीआईएसएफ महिला कांस्टेबल की प्रशंसा कर रहे हैं जिसने कथित तौर पर उन्हें थप्पड़ मारा था। उन्होंने पूछा कि क्या वे बलात्कार या हत्या को भी उचित ठहराते हैं। रनौत ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान कांस्टेबल ने उनके चेहरे पर मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

रनौत (37) ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, क्या आप अपराधियों के साथ मिलकर देश के सभी कानूनों का उल्लंघन करते हुए अपराध करने के लिए प्रबल भावनात्मक आवेग से जुड़े हैं। उन्होंने कहा, याद रखें कि यदि आप किसी की निजता को भंग करने, उनकी अनुमति के बिना उनके शरीर को छूने और उन पर हमला करने से सहमत हैं, तो कहीं न कहीं आप बलात्कार या हत्या से भी सहमत हैं, क्योंकि वह भी केवल शील भंग करना या छुरा घोंपना ही है, इसमें कौन सी बड़ी बात है, आपको अपनी मनोवैज्ञानिक आपराधिक प्रवृत्तियों की गहराई से जांच करनी चाहिए। अपने वीडियो संदेश में रनौत ने कहा कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एक कांस्टेबल ने उनके चेहरे पर मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। महिला कांस्टेबल किसान विरोध प्रदर्शन पर अभिनेत्री के रुख से नाराज थी।

हिमाचल प्रदेश के मंडी से लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के दो दिन बाद यह विवाद सामने आया। आरोपी सीआईएसएफ कर्मी कुलविंदर कौर को निलंबित कर दिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। हवाई अड्डों पर सुरक्षा प्रदान करने वाले सीआईएसएफ ने भी घटना की 'कोर्ट ऑफ इंक्वायरी' के आदेश दिए हैं। अपने नवीनतम पोस्ट में रनौत ने लोगों को योग और ध्यान अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि ऐसा नहीं करने पर जीवन एक कड़वा और बोझिल अनुभव बन जाएगा। अभिनेत्री ने कहा, कृपया इतना द्वेष, घृणा और ईर्ष्या मत रखिए, अपने आप को मुक्त रखिये। इससे पहले शनिवार को रनौत को अभिनेत्री शबाना आजमी का समर्थन मिला, जिन्होंने कहा कि सुरक्षा अधिकारियों को कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में शबाना आजमी ने कहा कि हालांकि उन्हें कंगना से कुछ खास लगाव नहीं है, लेकिन वह उन लोगों में शामिल नहीं होंगी जो थप्पड़ का जश्न मना रहे हैं।

आजमी ने लिखा, मुझे कंगना रनौत से कुछ लगाव नहीं है, लेकिन मैं 'थप्पड़' का जश्न मनाने वाले इस समूह में खुद को शामिल नहीं कर सकती। अगर सुरक्षाकर्मी कानून को अपने हाथ में लेना शुरू कर देंगे तो हममें से कोई भी सुरक्षित नहीं रह सकता।

आजमी के पति और अनुभवी पटकथा लेखक व गीतकार जावेद अख्तर ने रनौत के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। रनौत ने जावेद अख्तर पर धमकी देने का आरोप लगाया था। यह मामला अब भी अदालत में है।

वहीं चंडीगढ़ में पंजाब किसान कांग्रेस के प्रमुख किरणजीत सिंह शनिवार को रनौत को कथित तौर पर थप्पड़ मारने वाली सीआईएसएफ महिला कांस्टेबल के समर्थन में सामने आए और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने इस घटना पर चुप्पी साधने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की भी आलोचना की। यहां मीडिया को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि थप्पड़ मारने की घटना का कोई सीसीटीवी फुटेज नहीं होने के बावजूद महिला कांस्टेबल पर मामला दर्ज किया गया है।

# काफी कम बजट में तैयार किए गए 'सावन आया है' और 'मिले हो तुम' सॉन्ग : नेहा कक्कड़

मुंबई/एजेन्सी



बच्चों के सिंगिंग रियलिटी शो 'सुपरस्टार सिंगर 3' में जज नेहा कक्कड़ का बर्थडे सेलिब्रेट किया गया। मेकर्स ने शो का एपिसोड को ही 'नेहाज बर्थडे बैश' नाम दे दिया। इस दौरान कंटेस्टेंट्स ने उनके गानों पर परफॉर्म किया। पंजाब के मोहाली की 14 साल की लाइसेल राय ने नेहा के 'सावन आया है' और 'मिले हो तुम' सॉन्ग पर परफॉर्मेंस दी, जिससे प्रभावित होकर नेहा ने कहा, अगर कोई मेरा रिप्लेसमेंट ढूंढ़ रहा हो, तो मैं लाइसेल को चुनूंगी क्योंकि वह बहुत अच्छा गाती है। आई लव यू लाइसेल, और इस खूबसूरत परफॉर्मेंस के लिए तुम्हारा बहुत-बहुत शुक्रिया।

नेहा ने गाने की रिकॉर्डिंग के वक्त को याद करते हुए कहा, मेरे भाई टोनी और मैंने इस म्यूजिक वीडियो पर काम किया था। उस समय, बहुत से लोगों को यकीन नहीं था कि हम इस गाने के लिए एक अच्छा म्यूजिक वीडियो बना पाएंगे। यह हमारे लिए किसी रिस्क से कम नहीं था, क्योंकि हमने इस गाने पर काफी इनवेस्ट किया था और इसे छोटे से लोकेशन पर शूट करने का फैसला किया था।''

उन्होंने कहा, जिस दिन इस गाने की शूटिंग थी, उस दिन मैं एक शो से वापस आई थी। मैंने उसी मेकअप में इस गाने की शूटिंग की, क्योंकि हमारे पास म्यूजिक वीडियो के लिए ज्यादा बजट नहीं था। लिमिटेड फंड के साथ, हमने यह वीडियो बनाया। लोगों ने इस गाने को काफी पसंद किया और इसे 10 लाख से ज्यादा लाइक्स मिल गए। यह सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले लव सॉन्ग वीडियो में से एक था, और इसलिए, यह गाना मेरे लिए बहुत खास है।'' नेहा की बहन, सोनू कक्कड़ ने कहा, यह बहुत प्यारा था, और इसने मुझे नेहू के बचपन की याद दिला दी। कुछ जगहों पर, आपने इतने अच्छे बदलाव किए हैं, जिन्हें सिर्फ म्यूजिक की अच्छी समझ रखने वाले लोग ही सही कर सकते हैं। सिंपल गानों में, यह एक चैलेंज बन सकता है, लेकिन आपने अच्छा काम किया। मुझे सच में लगता है कि आपके कुछ वेरिएशन नेहा के जैसे ही है।'' 'सुपरस्टार सिंगर 3' सोनी पर प्रसारित होता है।

# अपने 20 साल के अभिनय कैरियर को लेकर खुश हूं: मोना सिंह

नयी दिल्ली/एजेन्सी



अभिनेत्री मोना सिंह का कहना है कि वह अपने 20 साल के अभिनय कॅरियर के लिए आभारी हैं, जो उन्होंने सुपरहिट टीवी धारावाहिक 'जस्सी जैसी कोई नहीं' के साथ शुरू किया था। उनकी तीन वेब शृंखलाएं पिछले साल रिलीज हुई थीं जब उन्होंने फिल्म और टेलीविजन उद्योग में दो दशक पूरे किए। इनमें प्राइम वीडियो की 'मेड इन हेवन सीजन दो', नेटफ्लिक्स पर 'काला पानी' और सोनीलिव पर 'कफस' हैं। '3 इडियट्स' और 'लाल सिंह चड्ढा' में भी काम कर चुकीं मोना की आने वाली फिल्म 'मुंज्या' है। उन्होंने कहा कि वह सभी माध्यमों में अलग-अलग तरह के किरदार निभाकर खुश हैं।

सिंह ने एक साक्षात्कार में 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''पिछले साल मेरी सभी फिल्मों ने 2023 को और खास बना दिया। तीनों को प्यार मिला और इससे भी अच्छी बात यह थी कि सभी किरदार एक-दूसरे से बहुत अलग थे। मैं इन खूबसूरत दिनों के लिए बहुत आभारी हूं जो मैं देख रही हूं। यह सच है कि इंतजार करने वालों के हिस्से अच्छी चीजें आती हैं।''

आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित 'मुंज्या' में मोना ने पम्मी की भूमिका निभाई है, जो एक अकेली कामकाजी मां है और अपने बेटे बिट्टू की बहुत फिक्र करती है। मोना सिंह 'मिर्जापुर' के निर्देशक गुरमीत सिंह की वेब सीरीज 'पान पर्दा जर्दा' में भी दिखाई देंगी। 'मुंज्या' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# प्रयंका चोपड़ा ने ऑस्ट्रेलिया में शुरू की 'द ब्लफ' की शूटिंग

मिुंबई/एजेन्सी



मशहूर एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी अपडेट फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। इस कड़ी में एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने 'द ब्लफ' की शूटिंग शुरू कर दी है। प्रियंका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म के क्लैपबोर्ड की एक फोटो शेयर की और कैप्शन में लिखा, लेट्स गो!... डे वन'' 'द ब्लफ' की शूटिंग से पहले प्रियंका ने फिल्म के कलाकारों और क्रू के साथ एक यॉट पार्टी का वीडियो शेयर किया था, जिसमें उनकी बेटी मालती मैरी जोनस भी नजर आयीं।

वीडियो में प्रियंका अपनी बेटी मालती के साथ मस्ती करती दिखीं। इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, जब मैं कोई नया प्रोजेक्ट शुरू करती हूं, तो मेरे लिए यह जानना बहुत जरूरी होता है कि इसे बनाने के लिए साथ आने वाले लोग कैसे हैं। हम अपने परिवार और घरों से दूर, एक साथ बहुत समय बिताते हैं, सोचते हैं, खाते हैं और उस कला में सांस लेते हैं जिसमें हम योगदान दे रहे हैं।

फिल्म की कहानी एक पूर्व महिला समुद्री डाकू के ईद-गिर्द घूमती है, जिसका किरदार प्रियंका ने निभाया है, जो अपने परिवार की रक्षा के लिए एक यात्रा पर निकलती है। 'द ब्लफ' की शूटिंग ऑस्ट्रेलिया में चल रही है। यह फ्रैंक ई. फ्लावर्स द्वारा निर्देशित है। इस फिल्म मशहूर एक्टर कार्ल अर्बन भी हैं। प्रियंका की 'हेड्स ऑफ स्टेट' भी रिलीज होने वाली है, जिसमें जॉन सीना और इदरीस एल्बा लीड रोल हैं। प्रियंका को 'देसी गर्ल' कहा जाता है। बॉलीवुड में उन्होंने कई हिट फिल्में दी, जिसमें 'बर्फी', 'डॉन', 'मैरी कॉम' और 'बाजीराव मस्तानी' जैसी मूवीज शामिल है।

बॉलीवुड के बाद वह अब हॉलीवुड में अपना जलवा दिखा रही हैं। उन्होंने हॉलीवुड में डेब्यू करते हुए साल 2017 में रिलीज हुई 'बेवॉच' में काम किया। पिछले साल वह रूसो ब्रदर्स की वेब सीरीज 'सिटाडेल' और 'लव अगेन' में नजर आई।

## पुष्पांजलि



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय शनिवार को रामोजी फिल्म सिटी, हैदराबाद में ईनाडु प्रकाशन समूह के अध्यक्ष रामोजी राव को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

# मास्क टीवी ने मलयालम में बनी चार बड़ी फिल्मों के राइट्स खरीदे

मुंबई/एजेन्सी

ओटीटी प्लेटफार्म मास्क टीवी ओटीटी ने मलयालम भाषा मे बनी चार बड़ी फिल्मों के राइट्स खरीद लिए हैं। मास्क टीवी ने जिन चार फिल्मों के राइट्स खरीदे हैं, उनमें मलयालम के सुपर स्टार अभिनेता मुमुट्टी की दो फिल्में और पृथ्वीराज की दो फिल्में शामिल हैं। इन फिल्मों को हिंदी सहित अन्य भाषाओं में शीघ्र ही रिलीज करने की तैयारी चल रही है चारो ही फिल्मों के राइट्स मास्क टीवी ने अगले 99 सालों के लिए खरीद लिए हैं । मलयालम भाषा की जिन चार फिल्मों के राइट्स मास्क टीवी ने खरीदे गए हैं उनमें से थोप्पिल जोप्पन में मुमुट्टी, ममता मोहनदास, एंड्रिया जेरिमिया,कवियूर पोनम्मा, सलीम कुमार, सुरेश कृष्णा, और अक्षरा किशोर मुख्य भूमिका में हैं ,तो दूसरी फिल्म यूटोपियाइले राजवू में मुमुट्टी के साथ जेवेल मेरी, जॉय मैथ्यू, एसपी श्रीकुमार, सुनील सुखदा, अनूप चंद्रन और इंद्रान्स आदि ने मुख्य भूमिका निभाई है । वहीं फ़िल्म जेम्स एंड ऐलिस में पृथ्वीराज सुकुमारन , वेदिका कुमार, किशोर सत्या, मंजू पिल्लई, नेदुमुदि वेणु, पार्वती नायर, साई कुमार एंड सिजोऊ वर्घेसे ने मुख्य भूमिका निभाई है । इसी कड़ी में आखिरी फ़िल्म अमर अकबर एंटोनी में पृथ्वीराज , इंद्रजीत, जयसूर्या, नमिता प्रमोद ने मुख्य किरदार निभाया है । मास्क टीवी ओटीटी प्लेटफॉर्म की चैनल प्रोड्यूसर मानसी भट्ट ने बताया कि जल्द ही इन चारों फिल्मों के डबिंग का काम पूरा करके इसे रिलीजिंग के लिए शेड्यूल किया जाएगा ।

# कड़ी मेहनत से रामोजी राव ने बनाई दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म सिटी

मुंबई/एजेन्सी

मध्यमवर्गीय किसान परिवार में जन्में रामोजी राव ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के जरिये रामोजी ग्रुप जैसा बड़ा साम्राज्य खड़ा किया और दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म सिटी रामोजी फिल्मसिटी बनायी। रामोजी राव का जन्म 16 नवंबर 1936 को आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में गुडीवाड़ा के पास एक हरे-भरे गांव पेडापरुपुडी में हुआ था। उनके माता-पिता, वेंकट सुब्बाराव और वेंकट सुब्बाम्मा ने उनके दादा की याद में उनका नाम रामय्या रखा था। हालांकि उन्होंने बाद में अपना नाम बदलकर 'रामोजी' कर लिया। उनका पूरा नाम चेरुकुरी रामोजी राव था। बचपन में उन्हें क्रिकेट देखना बेहद पसंद था।रामोजी राव ने गुडीवाड़ा म्युनिसिपल हाई स्कूल से पढ़ाई की थी,जिसके बाद गुडीवाड़ा कॉलेज से बीएससी की डिग्री प्राप्त की।रामोजी राव को महात्मा गांधी के सिद्धांतों और दलित उत्थान के प्रति असीम लगाव था।

अपनी डिग्री पूरी करने के बाद रामोजी को नौकरी के आवेदनों में निराशा हाथ लगी। अंततः उन्होंने दिल्ली में एक विज्ञापन कंपनी में नौकरी कर ली।इसके बाद उन्हें विदेश में नौकरी के अवसर मिले, लेकिन उन्होंने भारत में ही रहना चुना। वर्ष 1961 में रामोजी ने रमादेवी से विवाह किया और दिल्ली चले गए, जहां उन्होंने एक कलाकार के रूप में अपने कौशल को निखारा। दूसरों की भलाई करने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी और बिजनेस के मौदन में उतर गए।रामोजी का व्यवसायिक सफर 1962 में मार्गदर्शी चिटफंड्स से शुरू हुआ, जिसमें विश्वास और विश्वसनीयता पर जोर दिया गया।

रामोजी की अपनी जड़ों के प्रति प्रतिबद्धता ने उन्हें 1969 में अन्नदाता पत्रिका शुरू करने के लिए प्रेरित किया, जिसने कृषि विज्ञान केंद्रों और किसानों के बीच की खाई को पाट दिया। 10 अगस्त, 1974 को रामोजी राव ने विशाखापत्तनम में तेलुगु दैनिक ईनाडु की स्थापना की। इस अख़बार ने तेज़ी से लोकप्रियता हासिल की और चार साल में एक प्रमुख प्रकाशन बन गया। यह इस साल अगस्त में अपनी 50वीं वर्षगांठ मनाएगा। 'ईनाडु' ने अपने अभिनव दृष्टिकोण के साथ तेलुगु पत्रकारिता में क्रांति ला दी। उन्होंने घर-घर जाकर समाचार पत्र पहुंचाने और स्थानीय समाचारों के साथ पाठकों को सशक्त बनाने में अग्रणी भूमिका निभाई।



रामोजी राव के नेतृत्व में, ईनाडु समूह ने टेलीविजन (ईटीवी), एक फिल्म निर्माण कंपनी (उषा किरण मूवीज़), और कई अन्य क्षेत्रीय समाचार पत्रों और पत्रिकाओं सहित मीडिया उद्यमों की एक विस्तृत सीरीज़ को शामिल करने के लिए विस्तार किया। वर्ष 1996 में रामोजी राव ने हैदराबाद के पास रामोजी फिल्म सिटी की स्थापना की, जो आज 2,000 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ है। दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म स्टूडियो कॉम्प्लेक्स होने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी इसके नाम दर्ज है। रामोजी फिल्म सिटी में कई विशाल फिल्म सेट, साउंड स्टेज और अन्य मनोरंजन विकल्प शामिल हैं। पिछले कुछ सालों में, यह एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल के साथ-साथ फिल्म निर्माण का केंद्र भी बन गया है।कहा जाता है कि फिल्म मेकर यहां सिर्फ स्क्रिप्ट लेकर आते और बनी हुई फिल्म लेकर वापस जाते हैं। यहां हर साल करीब 200 फिल्मों की शूटिंग होती है। अब तक यहां करीब 2000 फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है।

रामोजी राव ने प्रिया फूड्स के साथ फूड इंडस्ट्री और डॉल्फिन होटल्स का विस्तार किया और हाई क्वालिटी स्टैंडर्ड स्थापित किए। रामोजी ने ईटीवी के साथ टेलीविजन के अनुभव को बदल दिया। इसके जरिए उन्होंने क्षेत्रीय कंटेंट लोगों के सामने पेश किया और मनोरंजन और सूचना प्रसार में नए मानक स्थापित किए।रामोजी राव ने रेडियो और डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में भी हाथ आजामाए और आकर्षक कंटेंट पेश किया। इस दौरान उन्होंने अपने मीडिया साम्राज्य का भी विस्तार जारी रखा। उषाकिरण मूवीज और रामोजी फिल्म सिटी के जरिए उन्होंने सिनेमा पर उनकी छाप ने भारतीय सिनेमा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया।

रामोजी राव द्वारा स्थापित की गई हैदराबाद की रामोजी फिल्म सिटी दक्षिण और बॉलीवुड फिल्मों के लिए एक बड़ा प्लेटफॉर्म है। यह फिल्म सिटी कई सौ एकड़ में फैली है और यहां पर अब तक हजारों फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है रामोजी राव ने हैदराबाद में रामोजी ग्रुप की स्थापना की थी। इस ग्रुप में दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म स्टूडियो, रामोजी फिल्म सिटी, ईटीवी नेटवर्क और फिल्म प्रॉडक्शन कंपनी उषा किरण मूवीज शामिल हैं।रामोजी के अन्य बिजनेस वेंचर्स में मार्गदर्शी चिटफंड, इनाडु तेलुगु अखबार,डॉल्फिन ग्रुप ऑफ होटल्स, कालंजलि शॉपिंग मॉल, प्रिया पिकल्स और मयूरी फिल्म डिस्ट्रिब्यूटर्स भी है। वर्ष 2016 में उन्हें शिक्षा, पत्रकारिता और साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।रामोजी राव के प्रोडक्शन हाउस का नाम ऊषाकिरण मूवीज है। उन्होंने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में बनाईं।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

हमें अपनी कमजोरियों से लड़ना, आत्मा में लगे हुए कर्मों से लड़ना अत्यंत कठिन है। हमने मोक्ष के प्रेमियों को अपने कर्मों से लड़ते हुए देखा है। सोचो, कैसा उन महापुरूषों का पुरुषार्थ रहा होगा। बाहर वालों से लड़ने के लिए हमारे पास ताकत बहुत है लेकिन हमारे अंदर की कमजोरियों से निपटने में हम कमजोर है। चूंकि कमजोरियों से लड़ने के साधन बहुत कम है। इसका जुगाड़ स्वयं को करना पड़ता है। उन्होंने कहा कभी-कभी बच्चों को समझाना आसान है लेकिन यदि बड़े लोग बच्चों जैसी हरकत करेंगे तो उन्हें कौन समझा सकता है।



# साध्वी चंदन प्रभा ने महामांगलिक दिया

**चेन्नई/दक्षिण भारत राष्ट्रमत।** यहां के कोंडितोप में मुनिसुव्रत स्वामी जैन नवग्रह मंदिर के तत्वावधान में विश्व शांति व गृह शांति के लिए शांतिधारा अभिषेक हुआ एवं चमत्कारिक महामांगलिक साध्वीश्री के मुखारविंद से माता के सभी भक्तों को मंगल पाठ भेजा गया। निर्मला छल्लानी ने पूजा व प्रभावना के संपूर्ण लाभ उठाया एवं तारा की स्वर लहरियों से सभी भक्त झूम उठे एवं नेमिचंद बोहरा ने पूजा का लाभ लिया।

# संस्कृति कलाश्री 2024, मनीषा कोइराला को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। संस्कृति कल्चरल फाउंडेशन द्वारा प्रति वर्ष दिया जाने वाला 'कला श्री' पुरुस्कार इस बार सिने तारिका मनीषा कोइराला को दिया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक एम जी बोहरा ने बताया कि यह अवार्ड 23 जून की सायं म्यूजिक अकादमी में दिया जाएगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष विमल चोरडिया ने जानकारी देते हुए कहा कि संस्कृति के ही अपने कलाकार कोइराला पर फिल्माए हुए गानों को मुखरित करते हुए उनका सम्मान करेंगे। मंत्री राजेश सुराणा तथा पूर्वाध्यक्ष सुधीर काँकरिया, विनोद कोठारी, देव रतन डागा, जयंतीलाल तेलिसरा, कोषाध्यक्ष अनिल गोयल आदि कार्यक्रम को यादगार बनाने में जुटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि इस अवसर को संस्कृति कद्रदान दिवस के रूप में मनाती आ रही है और अभी रजत जयंती वर्ष चल रहा है।



# जीतो व्यापारिक मेले में जीतो ग्रोथ सम्मिट में दिखा विशेष उत्साह

- 'जीतो' ग्रोथ सम्मिट में आयोजित हुए अनेक व्यवसायिक कार्यक्रम
- 'जीतो' गोट टैलेंट में सैंकड़ों प्रतिभागियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




बेंगलूरु। जीतो बेंगलूरु साउथ चैप्टर के तत्वावधान में पैलेस ग्राउंड स्थित चाम्रव्रजा सभागार में तीन दिवसीय जीतो ग्रोथ सम्मिट विशाल व्यापारिक मेल के दूसरे दिन विशाल ट्रेड फेयर, प्रेरक वक्ताओं के वक्तव्य, जीतो गोट टैलेंट, युवा सम्मेलन, जेपीएफ़ सम्मेलन सहित अनेक आयोजन हुए। दूसरे दिन ग्रोथ सम्मिट का शुभारंभ जीतो अपेक्स, केकेजी जोन, बेंगलूरु जीतो के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। सभी गणमान्यों का स्वागत करते हुए जीतो साउथ के अध्यक्ष दिनेश बोहरा ने कहा कि इस विकास सम्मेलन का उद्धेश्य उद्योग जगत के दिग्गजों को एक साथ लाना है ताकि वे नवीनतम उद्योग प्रवृतियों एवं प्रथाओं का पता लगाकर बेहतर व्यवसायिक परिणामों को बढ़ावा दे सके। उन्होंने कहा आयोजन में भाग लेने से व्यवसायिक नेटवर्किंग का एक मजबूत मंच मिलेगा। इस अवसर पर केकेजी जोन अध्यक्ष अशोक सालेचा ने कहा कि ग्रोथ समिट से अपने ब्रांड को प्रदर्शित करने एवं व्यवसाय को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के अवसर को भुनाना चाहिये। अपेक्स उपाध्यक्ष कुशाल गुलेच्छा ने कहा कि वर्षों पूर्व तेजराज गुलेच्छा ने जीतो नाम की चिंगारी लगाई थी जो आज विशाल आग का रूप लेकर समाज को रोशनी दे रही है। जीतो अपेक्स के वाईस चेयरमैन राजेंद्र छाजेड़ ने कहा कि ग्रोथ सम्मिट के माध्यम से केवल आर्थिक सुदृढ़ता ही नहीं मिलेगी बल्कि ज्ञान और व्यवसायिक रिश्तों का भी विकास होगा। अपेक्स के पूर्व अध्यक्ष गणपत चौधरी ने एकजुटता पर कहा कि अखंडता जरूरी है क्योंकि शक्तियों के बटवारे से बड़े आयोजन होना संभव नहीं है, जीतो आज इस मुकाम पर पहुंचा है तो केवल सदस्यों के पुरुषार्थ व साधुओं के अदृश्य आशीर्वाद से। उन्होंने कहा कि धर्म की सेवा करने के लिये घर छोड़ने वाले साधु भगवंतों की सेवा करना हमारा कर्त्तव्य है।

इस अवसर पर तेजराज गुलेच्छा ने व्यापारियों से कहा कि जीतो की स्थापना हमारे जैन व्यवसाइयो की ग्रोथ के लिये की गई, इस ग्रोथ सम्मिट की खास बात यह है कि आयोजन से बचने वाले धन का उपयोग शिक्षा के जरुरतमंद विद्यार्थियों के लिये स्कॉलरशिप में किया जायेगा। जीतो के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश सिंघवी ने कहा कि ग्रोथ सम्मिट से व्यापारियों को दूरगामी परिणाम मिलेंगे। रमेश बोहरा एवं हेमराज पालगोता ने कहा कि श्रमण आरोग्यम योजना के ट्रस्टी बनकर साधु भगवंतों की सेवा में मजबूती से कदम बढ़ाये। उद्धघाटन समारोह का संचालन महामंत्री दीपक श्रीश्रीमाल ने किया। इस अवसर पर वीडियो द्वारा एस पी गुलेच्छा बॉयज हॉस्टल की एक झांकी भी प्रस्तुत की गई।

जीतो ग्रोथ सम्मिट में कला के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदर्शन के अवसर वाले आयोजन जीतो गोट टैलेंट के सेमिफ़ाइनल का आयोजन जीतो साउथ की महिला विंग की देख-रेख हुआ जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आये 550 प्रतिभागियों के ऑडिशन के पश्चात 60 प्रतिभागियों को चुना गया। महिला अध्यक्ष सुनीता गांधी ने उपस्थित सभी सदस्यों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए शुभकामनाएँ दी। महामंत्री मोनिका पिरगल नें जीतो गोट टेलेंट की टीम से परिचय कराया एवं सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जीतो अपेक्स निदेशक विनोद जैन एवं हितेश पालरेचा ने कहा कि सेमीफ़ाइनल में एकल गायन, समूह गायन, नृत्य, हूला हूप, रोप क्लाइमिंग, स्केटिंग, चित्रकारी, तबला वादन, गिटार वादन, बांसुरी वादन, ड्रम बजाना, क्लासिकल व भरतनाट्यम, बीट बॉक्सिंग आदि प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका एकता शाह, मेल्विन हेरी, राहुल शर्मा व चन्दना कांकरिया ने निभाई। इस अवसर पर अपेक्स महिला उपाध्यक्ष अर्चना सुराणा, मेंटर ललिता गुलेच्छा, हेल्थ व न्यूट्रीशियन संयोजक निशा सामर, पूर्व अध्यक्ष मधु डोसी, अनीता पीरगल व पिंकी जैन, नॉर्थ अध्यक्ष बिंदु रायसोनी व महामंत्री सुमन वेदमुथा, गर्ल्स हॉस्टल संयोजक चित्रा मेहता के साथ साउथ व नार्थ चैप्टर की अनेक पदाधिकारी उपस्थित थीं।

जीतो ट्रेड फेयर में खरीदी के लिये उमड़ी भीड़ से आयोजकों में खुशी का माहौल था। जीतो ग्रोथ समिट में दिन भर युवा विंग की विभिन्न गतिविधियाँ रही जिसमें उद्योग जगत के दिग्गजों से 250 से अधिक युवा सदस्यों ने गोलमेज सम्मेलन में उद्योग की बारीकियों को जाना। सम्मेलन में जीतो प्रोफेशनल फोरम द्वारा वित्तीय उद्योग पर एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें वित्तीय उद्योग के विशेषज्ञ वरुण मल्होत्रा ने शेयर बाजार में आगे बढ़ने के लिये मूल्यवान दृष्टिकोण व व्यावहारिक सुझाव दिये। उन्होंने शेयर बाजार में निवेश की मूल बातें, वित्तीय लक्ष्य निर्धारण व जोखिम का आंकलन, पोर्टफोलियो निर्धारण तथा दीर्घकालिक धन सृजन की रणनीतियों को समझाया। जीतो ग्रोथ सम्मिट व ट्रेड फेयर की व्यवस्थाओं में जीतो साउथ की पूरी टीम व कार्यालय कर्मचारियों ने सहयोग दिया। उपाध्यक्ष अशोक गजानन ने बताया कि रविवार को आयोजित होने वाले हर्षवर्धन जैन व जया किशोरी के कार्यक्रमों की तैयारियाँ पूरी हो चुकी है।




# मायुम ने अमृतधारा अभियान के तहत और 11 क्षेत्रों में शुरु की पेयजल सेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय कार्यक्रम अमृतधारा-हमारी धरोहर हमारी पहचान के अंतर्गत बेंगलूरु शाखा की 27 अमृतधारा प्याउ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रही है।

इसी श्रृंखला को आगे बढ़ते हुए शनिवार को शाखा ने 11 अतिरिक्त अमृत धारा (स्टैंड और पानी के मटकों के साथ शीतल पेयजल) की शुरुआत की। टीएनटी रूफिंग के सहयोग से इस वर्ष 11 पानी के स्टैंड उपलब्ध कराए गए।इस कार्यक्रम के दौरान शाखा के अध्यक्ष स्नेहकुमार जाजू, सचिव शुभम लोहिया, कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, कर्नाटक प्रांत के महामंत्री मोहित शर्मा एवं शाखा के सदस्य सुमित बाजोरिया, विनोद गर्ग, विवेक खंडेलवाल, सुशील सैनी, एकता खंडेलवाल, सविता गर्ग एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। शाखा के पूर्व अध्यक्ष अंकित मोदी ने इस अवसर पर कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों को बधाई दी एवं मानव हित के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आकर इस कार्यक्रम को और जोर-शोर से आगे बढ़ाने की अपील की।



# विधायक ने लिया संतश्री नरेशमुनि का आशीर्वाद

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । हुब्बल्ली धारवाड़ सेंट्रल क्षेत्र के विधायक महेश टैंगिंकाई ने कंचगार गल्ली स्थित स्थानक भवन में विराजित श्रमणसंघीय उपप्रवर्तक नरेशमुनिजी व संतश्री शालिभद्रमुनिजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर संतश्री नरेशमुनिजी ने कहा कि विधायक टैंगिंकाई सदैव ही जनता की सेवा के लिए तत्पर है, वे जनता के साथ सीधे जुड़े हुए रहते है। इस मौके पर स्थानकवासी समाज के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान टैंगिंकाई ने सम्मान के लिए सभी का आभार जताया। अंत में उपप्रवर्तक नरेशमुनिजी ने मांगलिक देकर सभी को आशीर्वाद दिया



# राजराजेश्वरीनगर में आयोजित हुई कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यशाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ सभा, युवक परिषद व महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में साध्वीश्री उदितयशाजी की विशेष प्रेरणा से 'कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यशाला' का आयोजन किया गया। इस मेअक; पा तीनों मुख्य संस्थाओं के पूर्व व वर्तमान सभी पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण एवं अन्य सदस्यगणों की उपस्थिति में साध्वीवृन्द ने कार्यकर्ताओं को एक नये परिप्रेक्ष्य से अवगत कराया। साध्वी शिक्षाप्रभाजी ने गीत का गान किया। साध्वीश्री संगीतप्रभाजी ने दायित्व बोध में समुच्चारित एक-एक संकल्पों का विश्लेषण करते हुए कहा कि पद पर आप आज आए हो कल कोई और आएगा लेकिन धर्मसंघ के कार्यकर्ता आप आजीवन रहोगे। कोई भी संस्था बिना नियम, संविधान, अनुशासन, मर्यादा के नहीं हो सकती। संस्था के पद पर आनेवाला व्यक्ति का गरिमामयी होना आवश्यक है। हमें संघ का आभारी होना चाहिए क्योंकि संघ ने हमें पहचान दी है। हमारे संघ को केवल कार्यकर्ता नहीं श्रावक कार्यकर्ता चाहिए।

साध्वीश्री उदितयशाजी ने कहा संगठन का आधार आध्यात्म होना चाहिए, निरन्तरता होनी चाहिए। सही नेतृत्व नये कार्यकर्ता तैयार करें। सफल नेतृत्व हेतु तीन बातें आवश्यक है, चिन्तन, निर्णय एवं क्रियान्विति। श्रेष्ठ नेतृत्व वह होता है जो पूर्व अध्यक्ष द्वारा किये गए कार्यों का निरन्तर विकास करे साथ ही गुरु इंगित नये कार्यों को करते हुए संघ की प्रभावना में वृद्धि करे। पहली बार हुई इस तरह की कार्यशाला में सभी कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से प्रेरित किया।



# माहेश्वरी महिलाओं ने आयोजित किया साड़ी वाकेथान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय माहेश्वरी महिला संगठन ने महेश नवमी के अवसर पर पीली-लाल साड़ी वाकेथान का आयोजन किया। तीन किलोमीटर साड़ी वाकेथान का आयोजन शान्तिनगर स्थित हॉकी स्टेडियम में हुआ।। प्रारंभ में महिलाओं ने वोमोअप कमला बूब के मार्गदर्शन में किया गया। भगवान उमा महेश की झांकी में सजे-धजे बच्चे भगवान शिवजी के रूप में उपस्थित थे।

भगवान की झांकी के साथ ही कृष्ण डागा ने झंडा दिखा कर वाकेथान प्रारम्भ करवाया। इस कार्यक्रम में भारत स्वच्छता अभियान की कर्मठ कार्यकर्ता शोभा रांदड का सम्मान किया गया। शोभा रांदड़ ने कहा कि हम सभी को प्रदूषण से भारत को बचाना है तो प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए।

प्रकाश गेरा ने भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में संगठन की अध्यक्षा श्वेता बियाणी, सचिव निर्मला काँकाणी एवं कार्यकारिणी एवं सलाहकार सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कमला बूब एवं बिमला चांडक ने व्यवस्था संभाली।

# मोदी का चुना जाना केवल भारत के लिए बल्कि पूरे दक्षिणएशिया के लिए अच्छाः पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन/भाषा। पाकिस्तानी मूल के एक अमेरिकी व्यवसायी ने दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के शांतिपूर्ण और सफल संचालन पर भारत के लोगों को बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरे दक्षिण एशिया क्षेत्र में स्थिरता की गारंटी हैं।

पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी साजिद तरार ने 'पीटीआई' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मैंने हमेशा कहा है कि भविष्य में भारत की स्थिरता के लिए मोदी का नेतृत्व आवश्यक है जो कई दलों को आने और संविधान को अस्थिर करने से रोकेगा। मोदी का नेतृत्व भारत की स्थिरता और भारत के भविष्य की गारंटी है। उन्होंने कहा कि मोदी के तीसरी बार सत्ता में आने से पाकिस्तान के लोगों को उम्मीद है कि भारत के साथ उनके रिश्ते बेहतर होंगे।

एक सवाल के जवाब में तरार ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक उनकी ओर से कोई बधाई संदेश नहीं आना निराशाजनक है। उन्होंने कहा, मोदी न केवल भारत के लिए अच्छे हैं, बल्कि वह पाकिस्तान के लिए भी अच्छे हैं। उन पर इस्लाम विरोधी और पाकिस्तान विरोधी होने के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ रिश्ते बेहतर होंगे और दोनों दक्षिण एशियाई देशों के बीच व्यापार में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा, मोदी एक अनुभवी नेता हैं, जिन्होंने ब्रिक्स और जी-20 जैसे विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर काम किया है। भारत में आम चुनावों के सफल समापन पर बधाई देते हुए उन्होंने कहा, यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है और भारतीय लोकतंत्र की ताकत और लचीलेपन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती पर संदेह करने वालों को चुनावों ने चुप करा दिया है।

# 'मौलिकता रहे सुरक्षित, परिवर्तन सदा अपेक्षित' विषयक कार्यशाला आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। तेरापंथ महिला मंडल आरआर नगर द्वारा -आचार्यश्री तुलसी के 28वां महाप्रयाण दिवस-विसर्जन दिवस पर साध्वी उदितयशाजी सान्निध्य में कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षा सुमन पटावरी ने सभी का स्वागत किया। मौलिकता रहे सुरक्षित, परिवर्तन सदा अपेक्षित इस विषय पर पूर्व अध्यक्ष कंचन छाजेड़, सरोज बैद एवं लता बाफना ने अपने विचार रखते हुए कहा जड़ को सिंचित किए बिना कोई पल्लवित नहीं हो सकता और आधारभूत परिवर्तन आगे बढ़ाने के लिए सदैव अपेक्षित है। आचार्यों द्वारा समय के साथ परिवर्तन को आवश्यक बताया गया है।

साध्वी संगीतप्रभाजी के सुरीले संगान से पूरी परिषद भावित हो गई। साध्वी भव्ययशाजी ने विसर्जन के महत्व को बताते हुए अपने विचार रखें। साध्वीश्री उदितयशाजी ने विषय पर और प्रकाश डालते हुए कहा कि विसर्जन की परंपरा तेरापंथ धर्मसंघ मे आचार्य भिक्षु से चली आ रही है। संग्रह प्रवृत्ति को छोड़ विसर्जन करने वाला व्यक्ति ही महान होता है। पद के पीछे भागने वाला नेता कार्य को गौण कर देता है। अहंकार, आसक्ति, ममत्व, पद आदि का यथा समय विसर्जन होना चाहिए। इस अवसर पर साध्वी श्री ने डिजिटल डिटॉक्स की बात कहते हुए उपस्थित सभी श्रावक श्राविकाओं को महीने में एक दिन मोबाइल का सीमित उपयोग का संकल्प करवाया। कार्यशाला का संचालन संयोजिका आशा लोढ़ा एवं सह-संयोजिका ममता सिंघवी ने किया।

# मतदाताओं ने भारतीय लोकतंत्र के बारे में पश्चिम को गलत साबित किया

वाशिंगटन/भाषा। भारतीय-अमेरिकी नेता जसदीप सिंह जस्सी ने कहा कि भारत में हाल में संपन्न चुनावों ने न केवल देश की मजबूत चुनावी प्रक्रिया को दर्शाया बल्कि दुनिया को भारतीय लोकतंत्र के लचीलेपन और जीवंतता के बारे में भी बड़ा संदेश दिया है। 'सिख फॉर अमेरिका' के नेता जसदीप सिंह जस्सी ने 'पीटीआई' को एक साक्षात्कार में बताया कि भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की अखंडता के संबंध में पश्चिमी मीडिया में आशंका थी लेकिन भारत के चुनाव परिणामों ने निर्णायक रूप से ऐसे संदेहों को दूर कर दिया है। नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेने जा रहे हैं। आम चुनावों के दौरान दो हफ्ते तक पंजाब में रहे सिंह ने कहा कि पश्चिम द्वारा ऐसे आरोप लगाए जा रहे थे कि चुनाव आयोग कमजोर है और वोटिंग मशीनों में गड़बड़ी है लेकिन ये आरोप बेबुनियाद साबित हुए हैं। यह चुनाव देश में चुनावों की वैधता और निष्पक्षता को रेखांकित करता है।

सिंह ने कहा, भारत के लोगों ने अपने मत के जरिए यह दिखा दिया है कि वे देश के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हैं।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.